बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छैः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें
मो0 9868944025
लोन सुविधा उपलब्ध है

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 140 | शनिवार 9 सितम्बर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## शाह ने हजारिका को उनकी जयंती पर किया नमन

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका को उनकी जयंती पर नमन किया। शाह ने आज एक्स पर लिखा, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूँ। हजारिका जी पूरे विश्व में भारत के सांस्कृतिक दूत थे जिन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से न सिर्फ असमिया संस्कृति को विश्व मंच पर पहुँचाया बल्कि गीत-संगीत को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बनाया। समरसता के प्रति उनका संदेश हमें सदैव एक बेहतर भविष्य की दिशा में संकल्पित रहने के लिए प्रेरित करेगा। आठ सितंबर 1926 में असम में जन्में डॉ. हजारिका असमिया भाषा के कवि, फिल्म निर्माता, लेखक और असम की संस्कृति और संगीत के अच्छे जानकार और विलक्षण कलाकार थे। वह अपने गीत खुद लिखते थे, संगीतबद्ध करते थे और गाते थे। उन्हें दक्षिण एशिया के श्रेष्ठतम जीवित सांस्कृतिक दूतों में से एक माना जाता है। उन्होंने कविता लेखन, पत्रकारिता, गायन, फिल्म निर्माण आदि अनेक क्षेत्रों में काम किया।

## यादव लोग जब पीटते हैं न, तो रोने नहीं देते हैं, शिवपाल का ओमप्रकाश राजभर पर तंज

**लखनऊ।** सपा महासचिव शिवपाल ने ओमप्रकाश राजभर के यादव पर विवादित बयान पर पलटवार किया है। शिवपाल यादव ने कहा कि राजभर को अपनी बात याद कर लेनी चाहिए जब उन्होंने कहा था कि यादव लोग जब पीटते हैं न, तो रोने नहीं देते हैं। बस इतनी बात याद है। दरअसल, शिवपाल यादव ने ये बातें मैनपुरी में पत्रकारों से कहीं। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने ओमप्रकाश राजभर पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके जैसे नेता चुनाव जीतकर दलाली करते हैं। आपको बता दें कि सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने यादव बिरादरी को लेकर विवादित बयान दिया था। राजभर ने वाराणसी जिले की चोलापुर थाने के यादव थानाध्यक्ष से एक विवाद के मसले पर हुई बातचीत में यह बोल था कि गांव में लोग कहते हैं कि अहीरों की बुद्धि 12 बजे खुलती है।

# जी-20 की शुरुआत से पहले ही रूस पर राजनीति तेज, यूरोपियन यूनियन बोला- बर्ताव फिर पता चला

यूरोपीय यूनियन यूक्रेन पर रूस के हमलों का विरोध करता रहा है और यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद कई तरह के प्रतिबंध रूस पर लगा चुका है।यूक्रेन संकट के बाद बंट चुके यूरोपीय संघ में एक अभूतपूर्व एकता आई है।

**नई दिल्ली।** जी-20 के शिखर सम्मेलन की शुरुआत होने से पहले ही रूस पर राजनीति शुरू हो गई है। यूरोपीय यूनियन के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रूस पर हमला बोला है और कहा, ÷यह जी 20 बैठक रूसी व्यवहार के बारे में स्पष्टता लाने का एक और अवसर है। यूक्रेन के खिलाफ इस युद्ध को शुरू करके और काला सागर को युद्ध के मैदान में बदलकर, रूस फिर से विकासशील देशों के खिलाफ एक मिसाइल दाग रहा है...

बता दें कि यूरोपीय यूनियन यूक्रेन पर रूस के हमलों का विरोध करता रहा है और यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद कई तरह के प्रतिबंध रूस पर लगा चुका है। यूक्रेन संकट के बाद अक्सर बंटे रहने वाले यूरोपीय संघ में एक अभूतपूर्व क़िस्म की एकता देखने को मिली है। सदस्य देशों ने न केवल यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य सहायता मुहैया कराई है, बल्कि रूस पर दीर्घकालिक प्रतिबंध भी लगाए हैं और अपने रक्षा तंत्र को मज़बूत किया है। यूरोपीय यूनियन ने




लाखों यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए भी अपने द्वार खोले हैं। यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप ने खुद को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया है, लेकिन सुरक्षा के लिए

> ● बता दें कि यूरोपीय यूनियन यूक्रेन पर रूस के हमलों का विरोध करता रहा है और यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद कई तरह के प्रतिबंध रूस पर लगा चुका है। यूक्रेन संकट के बाद अक्सर बंटे रहने वाले यूरोपीय संघ में एक अभूतपूर्व क़िस्म की एकता देखने को मिली है।

अमेरिका और ऊर्जा संसाधनों के लिए रूस पर उसकी निर्भरता ने उसे परेशान भी किया है।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल 9 से 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उनका स्वागत किया था।

दुनियाभर के देशों में सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास सुनिश्चित करने में भारत और यूरोपीय संघ के साझा हित रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ दोनों सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा और पेरिस समझौते के अनुरूप एक सुरक्षित, हरित, स्वच्छ, डिजिटल, अधिक लचीला और स्थिर दुनिया में संयुक्त रूप से योगदान देने के लिए नए तालमेल को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं।

यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार (अमेरिका के बाद) और भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। भारत यूरोपीय संघ का 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जिसका यूरोपीय संघ के कुल माल व्यापार में 2 प्रतिशत योगदान है। यूरोपीय संघ और भारत के बीच सेवाओं का व्यापार 2021 में 40 बिलियन यूरो तक पहुंच गया था।

## 2024 से पहले उत्तराखंड में लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

### सीएम धामी ने कर दिया ऐलान

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जल्द ही साामन नागरिक संहिता जल्द ही लागू हो जाएगा। यूसीसी-यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने ने एक कमेटी बनाई गई है। सीएम धामी ने कहा कि कमेटी के आधार पर ही यूसीसी लागू किया जाएग। 2024 से पहले उत्तराखंड में हर हाल में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि कमेटी के सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों की राय ली एकत्रित है। कहा कि उत्तराखंड सरकार की ओर से 2024 से पहले यूसीसी हर हाल में लागू हो जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड होगा, जिसके लिए सरकार कार्य कर रही है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित 'हिन्दुस्तान शिखर समागम-2023' में सीएम धामी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उत्तराखंड के स्वरूप से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बदर्शत नहीं किया जाएगा। कहा कि चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से यह वायदा किया गया था कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि यूसीसी के लिए कमेटी का गठन किया जा



चुका है, और कमेटी जल्द ही अपनी सिफारिश सरकार को सौंप देगी। सीएम धामी ने साफतौर से कहा कि 2024 से पहले उत्तराखंड में हर हाल में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा। यूसीसी लागू करने से पहले कमेटी के सदस्यों ने गांव-गांव जाकर लोगों की राय भी जानी है। अतिक्रमण पर भी बोलते ही सीएम धामी कहा कहना था कि लैंड जिहाद या लव जिहाद को उत्तराखंड में किसी भी सूरते में बदर्शत नहीं किया जाएगा। सीएम धामी का कहना था कि उत्तराखंड के विकास के लिए किसी भी कठोर कदम उठाने में वह बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे।

## बकाएदारों से कर्ज वसूली के लिए बैंक नहीं जारी कर सकते लुक आउट सर्कुलर-हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि कोई भी बैंक बकाएदारों से मोटी रकम की कर्ज वसूली के लिए लुक आउट सर्कुलर नहीं जारी कर सकते और इसे कानूनी हथियार नहीं बना सकते। हाई कोर्ट ने कहा कि बैंक लेनदारों से पैसा वसूलने के उपाय के रूप में लुक आउट सर्कुलर का उपयोग सिर्फ इसलिए नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें लगता है कि कानून के तहत उपलब्ध उपाय पर्याप्त नहीं है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने व्यवस्था दी है कि ऐसे मामलों में एलओसी तभी जारी की जा सकती है, जब पर्याप्त कारण हों। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी एलओसी जारी करने के लिए कोई पूर्व शर्त है, तो उसे उसमें दिया जाना चाहिए। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने कहा, ÷यह अच्छी तरह से स्थापित है कि लुक आउट सर्कुलर की वैधता उस तारीख को मौजूद परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाना चाहिए, जिस दिन लुक आउट सर्कुलर जारी करने का अनुरोध किया गया था। हाई कोर्ट ने कहा है कि केवल इस संभावना कि किसी व्यक्ति को अंततः आरोपी बनाया जा सकता है, एलओसी खोलने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता है, जो किसी नागरिक की आवाजाही में बाधा डालता है और विदेश यात्रा करने का अधिकार छीन लेता है। कोर्ट ने कहा, लुक आउट




सर्कुलर खोले जाने से पहले कोई ठोस सामग्री होने के बिना ÷भारत के आर्थिक हित को नुकसान÷ जैसे वाक्यांशों का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और निश्चित रूप से बैंक लुक आउट सर्कुलर का उपयोग केवल धन की वसूली के उपाय के रूप में नहीं कर सकते हैं। जस्टिस प्रसाद ने बैंक ऑफ बड़ौदा के कहने पर निपुण सिंघल के खिलाफ जारी एलओसी को रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सिंघल का मामला यह था कि उन्हें ख़्ह्ष्ट के बारे में तब पता चला जब वह स्पेन की यात्रा के लिए मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्हें विदेश यात्रा की इजाजत नहीं थी। उन्होंने अदालत को बताया कि एलओसी लॉयड इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के मामले में जारी की गई थी। वह उस कंपनी में 2010 से 2017 तक कार्यरत थे और निदेशकों में से एक थे। सिंघल ने कोर्ट को बताया कि उनके कंपनी छोड़ने के करीब 18 महीने बाद कंपनी को नवंबर 2018 में NPA घोषित कर दिया गया था और उन्हें पिछले साल जनवरी में बैंक की तरफ से एक कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। बाद में उन्हें बताया गया कि कंपनी और कंपनी के तीन निदेशकों के खिलाफ एक नियमित मामला दर्ज किया गया है। सिंघल ने बताया कि उन्होंने जांच में सहयोग किया था और सीबीआई को भी सूचित कर दिया था कि उन्होंने मई 2017 में कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। बावजूद इसके उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है।

## मुंबई को लंबे समय बाद मिला बारिश का तोहफा, गुजरात में भी बौछार

**नई दिल्ली।** सुस्त पड़ा मॉनसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। अब IMD यानी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने संभावनाएं जताई हैं कि यह दौर शुक्रवार को भी जारी रह सकता है। वहीं, महाराष्ट्र के कुछ जिलों में शुक्रवार को लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**कहां होगी बारिश**–मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को ओडिशा, झारखंड, बिहार, तटीय कर्नाटक, मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल और माहे में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**मुंबई को राहत**–मुंबई में लगभग एक महीने के लंबे अंतराल के बाद गुरुवार से बारिश का दौर फिर शुरू हो गया जिससे बढ़ती गर्मी से काफी राहत मिली है। शुक्रवार के लिए IMD ने मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, धुले, जलगांव और नाशिक जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

**गुजरात में भी बदलेगा मौसम**–IMD ने दिन में अगले चार दिनों में गुजरात के विभिन्न हिस्सों में अलग-



अलग स्थानों पर 'हल्की से मध्यम बारिश' का पूर्वानुमान जताया। इसने शुक्रवार को दक्षिण गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' और वडोदरा, सूरत, छोटाउदेपुर और नवसारी जिलों में 'भारी बारिश' की चेतावनी दी। आईएमडी ने यह भी पूर्वानुमान जताया कि शुक्रवार को सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

## जी-20 डिनर में शामिल हो सकते हैं नीतीश कुमार, इंडिया-भारत बहस के बीच राष्ट्रपति से मिला न्योता

**पटना।** देश का नाम इंडिया और भारत रखने पर उपजे विवाद के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दिल्ली में आयोजित जी20 डिनर में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नीतीश समेत सभी राज्यों के सीएम को न्योता भेजा है। दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति भवन में विदेशी मेहमानों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। सीएम नीतीश इसमें शामिल होते हैं, तो एनडीए से अलग होने के बाद पहली बार उनका पीएम नरेंद्र मोदी से भी आमना-सामना होगा। बता दें कि जी20 डिनर के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया था, इसके बाद ही देश का नाम बदलने पर बहस शुरू हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना से दिल्ली पहुंचकर शाम में जी20 डिनर में शामिल हो



सकते हैं। हालांकि, सीएम की तरफ से अभी आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इस डिनर में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी शामिल होने की खबर है। इसके अलावा राष्ट्रपति भवन की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं एचडी देवगौड़ा को भी न्योता भेजा गया है।

**देश का नाम बदलने की चर्चा**

राष्ट्रपति भवन द्वारा पूर्व में जारी किए गए जी20 डिनर के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। इसके बाद देश का नाम बदलने की चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश का नाम बदलकर इंडिया के बजाय सिर्फ भारत रख सकती है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई है। बिहार में भी इंडिया-भारत विवाद पर जमकर सियासत हुई। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया बनने से बीजेपी घबरा गई है। इसी वजह से देश का नाम बदलने की बातें कही जा रही हैं और इंडिया एवं भारत पर विवाद खड़ा किया जा रहा है। पीएम मोदी की जुमलेबाजी से जनता परेशान है। ये देश के इतिहास को बदलते जा रहे हैं।

**एनडीए छोड़ने के बाद पहली बार नीतीश का पीएम मोदी से होगा आमना-सामना**

सीएम नीतीश कुमार अगर शनिवार को दिल्ली में जी20 डिनर में हिस्सा लेते हैं तो एनडीए छोड़ने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनका आमना-सामना होगा। आखिरी बार मई 2022 में दोनों नेताओं ने एक साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। दोनों ने पिछले साल पटना में बिहार विधानसभा के कार्यक्रम में एक साथ मंच साझा किया था। फिर अगस्त 2022 में नीतीश ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया और बिहार में आरजेडी-कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। इसके बाद अब तक नीतीश ने पीएम मोदी की किसी भी बैठक या कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया।

# 'दिल्ली बंद' पर अब भी कोई कंफ्यूजन ? यहां दूर होगा हर सवाल और संकट; डायल करिए नंबर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने जा रहे जी20 सम्मेलन की वजह से आज से ही राजधानी में कई तरह के प्रतिबंध लागू किए गए हैं। आज से दिल्ली के सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। जरूरी सेवाओं को छोड़कर राज्य और केंद्र सरकार के अन्य सभी सरकारी दफ्तरों को बंद रखा गया है। अधिकतर निजी दफ्तर शुक्रवार को वर्क फ्रॉर्म होम मोड में काम करेंगे तो नई दिल्ली क्षेत्र में मौजूद दफ्तरों को बंद रखा गया है। नई दिल्ली में सभी तरह की व्यावसायिक गतिविधियों पर तीन दिन तक रोक है।

**जरूरी सेवाओं को छूट**

नई दिल्ली क्षेत्र में भी जरूरी सेवाओं और वस्तुओं की आपूर्ति पहले की तरह सुचारू रूप से चलेगी। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आने-जाने की छूट है। यदि आपको डॉक्टर के पास जाना है या दवा लेने जाना चाहते हैं तो इसके लिए कोई रोक-टोक नहीं है। पुलिस को यदि जरूरी लगता है तो मरीजों के लिए ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया जा सकता है।

**मेट्रो, कैब उपलब्ध**

पूरी दिल्ली में मेट्रो सेवा जारी रहेगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को बंद किया गया है। लेकिन अन्य सभी स्टेशन खुले रहेंगे। जरूरत पड़ने पर कुछ मेट्रो स्टेशन के गेट को कुछ देर के लिए बंद रखा जा सकता है। इसके अलावा कैब और ऑटो भी चलते रहेंगे। नई दिल्ली क्षेत्र के अलावा




दिल्ली के दूसरे हिस्सों में आप सामान्य रूप से आवाजाही कर सकते हैं।

**यहां बस सेवा समाप्त होगी**

आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आईएसबीटी सराय काले खां, आश्रम चौक, मूलचंद फ्लाईओवर, विवेकानंद मार्ग (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय), एम्स, आरटीआर फ्लाईओवर के नीचे, मायापुरी चौक, पंजाबी बाग चौक, आजादपुर चौक। रजोकरी बॉर्डर से किसी भी बस को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह बसें इफको चौक से महरौली होते हुए दिल्ली आ सकेंगे।

**किसी भी जानकारी के लिए सहायता लें**

रियल टाइम ट्रैफिक अपडेट के बारे में अधिक जानकारी के लिए जी-20 ट्रैफिक वर्चुअल ह ` ल प ड ` स्र क https//traffic.delhipolice.gov.in/dtpgw®info, दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https//traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https//www.facebook.com/dtp-traffic, ट्विटर हैंडल https//twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https//www.instagram.com/dtp-traffic, व्हाट्सऐप नंबर 8750871493, और हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट - https//delhipolice.gov.in आदि का प्रयोग किया जा सकता है। सटीक वैकल्पिक मार्गो के लिए कृपया Mapples- MapmyIndia App डाउनलोड कर सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 6828400604 और 112 पर कॉल कर लोग मदद ले सकेंगे।

# क्या टुकड़ों में विभाजित होगा पाकिस्तान

**सुरेश हिन्दुस्तानी**

**पाकिस्तान के विरोध में पाकिस्तानियों के खड़े होने का आशय यही है कि वहां का हर व्यक्ति आतंकवाद का समर्थन नहीं करता। आज बलूचिस्तान में पाकिस्तान से आजादी की मांग करने के लिए जबरदस्त प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां पहले तो इस बात को समझना चाहिए कि बलूचिस्तान क्या है? इसका जवाब यही है कि बलूचिस्तान को आजादी के समय अलग देश की मान्यता मिली थी। यह पाकिस्तान का स्वाभाविक हिस्सा नहीं था। पाकिस्तान ने हमला करके बलूचिस्तान पर कब्जा किया था।**

वर्तमान में पाकिस्तान में जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसके निहितार्थ लगाए जाएं तो यही परिलक्षित होता है कि पाकिस्तान की जनता अब अपने ही उन नीति नियंताओं का विरोध करने पर उतारू हो गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। पाकिस्तान के निर्माण के साथ ही राजनीतिक दुष्चक्र में गोता लगाने वाले पाकिस्तान के शासकों ने केवल अपने हित की राजनीति को ही प्रधानता दी। जिसके कारण न तो पाकिस्तान प्रगति कर सका और न ही वहां की जनता का जीवन स्तर बेहतर हो सका है। आज इस तथ्य को सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की जनता अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना कर रही है। महंगाई का आलम यह है कि जनता लगातार पिस रही है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आसमान छूते भाव ने जनता के माथे पर चिंता की लकीरें स्थापित कर दी हैं। अब पाकिस्तान में एक नई समस्या दिख रही है, जिसमें अब पाकिस्तान की जनता अपने शासकों को कोस रही है। इतना ही नहीं वहां की जनता के मुख से पाकिस्तान से आजादी प्राप्त करने की आवाजें सुनाई देने लगीं हैं। इससे हो सकता है कि पाकिस्तान अपनी स्वयं की करनी के कारण टूट कर बिखर जाए।



पूरा विश्व इस बात को भली-भांति जानता है कि आज बलूचिस्तान, गिलगित और बाल्टिस्तान में जिस प्रकार मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, उसमें पाकिस्तान का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। इन स्थानों पर अंदर ही अंदर पाकिस्तान के विरोध में वातावरण बना हुआ है। कुछ लोगों ने खुलकर विरोध करना प्रारंभ कर दिया है, कुछ लोग पाकिस्तान के दमनकारी रवैये के कारण डरे-सहमे हुए हैं। अगर पाकिस्तान के इन क्षेत्रों के लोगों की भावनाओं को समझा जाए तो यह क्षेत्र किसी भी तरीके से पाकिस्तान के साथ रहना नहीं चाहते।

भारत में जिस प्रकार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, उसी तरह की बोलने की आजादी पाकिस्तान में भी होती तो संभवतः आज पूरे पाकिस्तान में ही विरोधी स्वर सुनाई दे रहे होते। सिंध और ब्लूचिस्तान की जनता की ओर से जहां भारत में शामिल होने के स्वर सुनाई देने लगे हैं। इतना ही नहीं इन प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खुलकर समर्थन किया है। आगे चलकर यह भी हो सकता है कि बलूचिस्तान और सिंध की तर्ज पर पाकिस्तान के पंजाब में भी आजादी की मांग उठने लगे। क्योंकि पंजाब के कई लोग अपने आपको आज भी स्वाभाविक रूप से भारत का हिस्सा ही मानते हैं। वहां भारतीय संस्कृति के अवशेष बिखरे हुए दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं वहां के जनजीवन में भी भारतीयता की झलक दिखाई देती है।

पाकिस्तान में आज जो हालात दिखाई दे रहे हैं, वह केवल आतंकी आकाओं की बढ़ती हुई सक्रियता का ही परिणाम कहा जाएगा। कई क्षेत्रों में बेरोजगारी और भुखमरी के हालात हैं। पाकिस्तान ने इस समस्या के समाधान के लिए किसी प्रकार के प्रयास नहीं किए। इसके विपरीत आतंकवाद को बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन दिया। वर्तमान में पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि लोग आतंकवाद का विरोध करना भी चाहें तो भी नहीं कर सकते। ऐसा करने पर आतंकवादी अपने ही नागरिकों पर अत्याचार करते हैं। जिसका दंश भोली-भाली जनता को भोगना पड़ रहा है। पाकिस्तान की जनता पूरी तरह से आतंकवाद से त्रस्त आ चुकी है।

लम्बे समय से पाकिस्तान की दमनकारी अत्याचार को सहन कर रही वहां की जनता को जब लगा कि नरेन्द्र मोदी ने उनकी भावनाओं को समझा है, तो वह पूरी तरह से उनके साथ आने लगे हैं। इसके साथ ही कश्मीर की बात करें तो वहां के वातावरण को बिगाड़ने में पाकिस्तान का हाथ रहा है। यहां पर एक बात साफ है कि पूरी समस्या के लिए पाकिस्तान ही दोषी है, फिर भी उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली तर्ज पर पाकिस्तान की सरकार चल रही है। पाकिस्तान के अपने प्रांतों में वर्तमान में जो हालत है, उसके लिए पाकिस्तान के सरकारी मुखिया और आतंकवाद फैलाने वाले संगठन ही जिम्मेदार हैं।

पाकिस्तान के विरोध में पाकिस्तानियों के खड़े होने का आशय यही है कि वहां का हर व्यक्ति आतंकवाद का समर्थन नहीं करता। आज बलूचिस्तान में पाकिस्तान से आजादी की मांग करने के लिए जबरदस्त प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां पहले तो इस बात को समझना चाहिए कि बलूचिस्तान क्या है? इसका जवाब यही है कि बलूचिस्तान को आजादी के समय अलग देश की मान्यता मिली थी। यह पाकिस्तान का स्वाभाविक हिस्सा नहीं था। पाकिस्तान ने हमला करके बलूचिस्तान पर कब्जा किया था। तब से ही बलूचिस्तान के नागरिक पाक की ज्यादतियों के विरोध में आवाज उठाते रहे हैं। इसलिए यह कहना कि यह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण हो रहा है, किसी भी रूप से सही नहीं है। यह बात सही है कि पाकिस्तान कश्मीर के मुद्दे पर बेशर्मी की हदें पार करने वाला व्यवहार करता आया है, इसलिए उससे कश्मीर के मामले में अच्छे व्यवहार की कल्पना करना निरर्थक ही है। बार-बार पराजय झेलने के बाद भी उसकी भूमिका में कोई सुधार नहीं आया है।

अब सवाल यह आता है कि जिस प्रकार से बलूचिस्तान और सिंध में पाकिस्तान से आजाद होने की आवाजें उठ रही हैं, उसमें भारत की क्या भूमिका रहेगी। पाकिस्तान के प्रांतों में आजादी के लिए हो रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते एक बात स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि पाकिस्तान भविष्य में तीन या चार हिस्सों में विभाजित हो जाएगा। मान लीजिए पाकिस्तान के चार हिस्से बनते हैं, तब बलूचिस्तान, सिंध और पंजाब देश पाकिस्तान के विरोध में रहेंगे। तब पाकिस्तान एक दम कमजोर हो जाएगा और फिर उसकी ओर से फैलाए जा रहे आतंकवाद की आग में वह स्वयं ही झुलस जाएगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### भारत ठीक पर...

नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के नाम को लेकर दशकों पुराने द्वैत-दुविधा को खत्म कर दिया है। वह अब 'भारत' के रूप में अद्वैत हो गया है। इसके साथ, संविधान के अनुच्छेद-एक का प्रारंभिक वाक्य-'इंडिया, दैट इज भारत.' सदा के लिए बदल दिया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि संविधान में प्रथम अध्याय में अंकित उस प्रथम वक्तव्य का क्रम बदल कर 'भारत, दैट इज इंडिया.' लिखा जाएगा अथवा केवल 'यह जो भारत है' कुछ ऐसा लिखा जाएगा। हालांकि सरकार ने जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी में राष्ट्रपति की तरफ से भेजे गए भोज के न्योते से इसकी बाकायदा शुरू आत की है। इससे सत्ता पक्ष के साथ देश-समाज के उन तबकों को गर्व हुआ है, जो इंडिया शब्द में गुलामी की गंध देखते थे और उससे छुटकारा पाना चाहते थे। दरअसल, अपने देश का नाम यहां आने वाले अपनी समझ और हिज्जे से बदलते रहे हैं। आर्यावर्त/भारतवर्ष देश सिंधु नदी के किनारे होने के कारण बाहर से आने वालों की बोली में इसके निवासी हिंदू हुए और यह स्थान हिंदवी, हिंदुस्तान हुआ। यूरोपीयन आए तो उनके उच्चारण में यह हिंदवी, हिंडिया होते हुए इंडिया के रूप में स्थापित हो गया। सरकार ने नाम सुधार कर संविधान सभा में मिली पराजय को जय में बदल कर ठीक किया है। 'भारत' के पक्ष में एचवी कामथ, मौ. हसरत मोहानी, कमलापति त्रिपाठी और हरगोविंद पंत काफी मुखर थे। किंतु अम्बेडकर और नेहरू का पलड़ा भारी रहा, जो मोहानी के शब्दों में 'इंडिया दैट इज भारत' पर पहले से मन बना चुके थे। नतीजा, भारत इंडिया का पिछल्लग्गू बना रह गया। दरअसल, नेहरू, जो भारतवासी होते हुए भी 'भारत की तरफ पश्चिम के रास्ते से आए थे', उन्हें अपने अतीत का बड़ा हिस्सा अंधकारमय लगता था और यूरोप सब लिहाज से प्रगतिशील व आधुनिक लगता था। अम्बेडकर भी पश्चिम से पढ़े-लिखे थे, उन्हें अंग्रेजी भारतीय दासता से मुक्ति का एक अचूक औजार लगती थी। भारत के पक्षकार इतने से खुश हो गए कि कैसे भी 'भारत' का जिक्र तो हो गया। पर देश का बड़ा तबका विरोध में है। इसलिए इसकी टाइमिंग ठीक नहीं है। उसमें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' नाम और से खौफ अधिक दिख रहा है-इतिहास-क्रम दुरु स्त करने का गौरव कम। सरकार ने विहित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है। संविधान सभा के निर्णय में एक लोकतांत्रिकता थी।




## चिंतन-मनन

### सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलतः वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्त्रष्टा हैं अतः समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे।

इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अतः यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अतः उसकी आज्ञा प्रत्यक्षतः परमेश्वर की आज्ञा होती है। गुरु, साधु तथा शाछ्य एक ही प्रकार से आज्ञा देते हैं। इन तीनों स्त्रेतों में कोई विरोध नहीं होता। कर्म संपन्न करते हुए भक्त की दिव्य मनोवृत्ति वैराग्य की होती है, जिसे संन्यास कहते हैं। जैसा कि भगवद्गीता के छठे अध्याय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि जो भगवान का आदेश मानकर कोई कर्त्तव्य करता है और जो अपने कर्मफलों की शरण ग्रहण नहीं करता, वही असली संन्यासी है। जो भगवान के निर्देशानुसार कर्म करता है, वास्तव में संन्यासी और योगी वही है।

# जी 20 में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता?



सनत जैन

देशों के शीर्ष नेता जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए भारत पहुंच रहे हैं। भारत सरकार इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो वाईडेन, जापान के फुमियो किसीदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डॉक्टर सिल्वा ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक सहित 20 देश के राष्ट्र प्रमुख अथवा उनके प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत पहुंच रहे हैं। भारत सरकार द्वारा विदेशी मेहमानों के आव-भगत,स्वागत सत्कार,खाने-पीने के विशेष इंतजाम किए हैं। सोने चांदी के बर्तनों में शाही खाना खिलाने की व्यवस्था की गई है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस बैठक में भाग लेने नहीं आ रहे हैं। इन दोनों देशों से भारत के व्यापारिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध भी बहुत मजबूत हैं। भारत सरकार द्वारा पिछले 1 साल में इस सम्मेलन को लेकर कई बड़े आयोजन किए गए हैं। यह माना जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत का दावाइस सम्मेलन से मजबूत होगा। सभी जी-20 के देश भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन करेंगे। विशेष रूप से चीन को लेकर भारत को आशा है,कि चीन इसका विरोध नहीं करेगा। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत का समर्थन करेगा।




पिछले एक दशक में चीन के साथ भारत का व्यापार बहुत तेजी के साथ बढा है। चीन से बहुत आयात हो रहा है, उस तुलना में भारत से निर्यात कम हो रहा है। भारत का निर्यात और आयात संतुलन चीन के साथ लगातार बढ़ने के बाद भी,भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ दोस्ती को कम नहीं होने दिया। जी 20 का सम्मेलन भारत में हो रहा है। भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। ऐसी दशा में चीन की यह जिम्मेदारी बनती है,कि वह भारत को सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता दिलाने के प्रस्ताव को समर्थन दे। रूस ओर चीन के राष्ट्रपति जी 20 के सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। इसके बाद भी यह आशा की जा रही है, भारत संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थाई रूप से शामिल होगा, तो विश्व बंधुत्व की भावना और विश्व गुरु के रूप में भारत सारी दुनिया के देशों को एक नई दिशा देगा। चीन के राष्ट्रपति के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत अच्छे संबंध हैं। इसका दावा समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते रहे हैं। जी 20 के इस सम्मेलन में उस दावे को रिश्तो की कसौटी में परखा जाएगा। भारत को चीन और रूस से बड़ी आशा है। दोनों ही राष्ट्रपति जी-20 के सम्मेलन में नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं अमेरिका भारत की मेजबानी को सफल बनाने के लिए पुरजोर समर्थन दे रहा है। यूरोपीय देशों का समर्थन भारत कोअमेरिका के कारण हासिल है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाए जाने के बड़े पैरोकार हैं। दुनिया के अन्य देश भी स्थाई सदस्यता के लिए भारत का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर जो ख्याति अर्जित की है। उसके बाद यह आशा की जा रही है, कि भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास होगा। यदि ऐसा हुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर जी 20 के शिखर सम्मेलन में भारत की राजनीति और कूटनीति सफलता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद सारी दुनिया में बढ़ेगा।

# शिकंजे में गोयल : देर आयद, दुरूस्त आयद



रजनीश कपूर

किसी समय देश की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन जेट एयरवेज एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार चर्चा का कारण जेट के स्वामी नरेश गोयल हैं, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक से धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया, परंतु नरेश गोयल द्वारा चलाई जाने वाली जेट एयरवेज केवल बैंक के साथ ही धोखाधड़ी नहीं कर रही थी। बैंक के साथ धोखा तो नरेश गोयल द्वारा की गड़बड़ियों में से एक है। असल में तो उनके द्वारा कि गई धांधलियों की सूची बहुत बड़ी है। सवाल उठता है कि क्या सरकारी एजेंसियों द्वारा नरेश गोयल की हर गड़बड़ियों की जांच होगी?

जब भी कभी हम किसी बड़े उद्योगपति द्वारा किसी घोटाले के बारे में सुनते हैं तो यह अंदाजा लगा लेते हैं कि वो भी विजय माल्या, नीरव मोदी या मेहुल चोकसे जैसों की तरह अपने रसूख के चलते सजा से बच जाएगा या देश छोड़ कर भाग जाएगा, परंतु नरेश गोयल के मामले में ऐसा नहीं हुआ। इसके लिए सरकारी एजेंसियां बधाई की पात्र हैं। देर से ही सही पर गोयल पर शिकंजा कसने की शुरू आत तो हुई। गोयल की जेट एयरवेज की बात करें तो नागर विमानन क्षेत्र में शायद ही ऐसे किसी नियम का उल्लंघन होगा जो इनकी कंपनी ने न किया हो। साल 2014 में एक खबर काफी प्रमुखता से छपी थी जिसके अनुसार, जेट एयरवेज को अपने 131 पायलट घर बैठाने पड़े। क्योंकि ये पायलट 'प्रोफिशियेसी टेस्ट' पास किए बिना हवाई जहाज उड़ा रहे थे। इस तरह जेट के मालिक देश-विदेश के करोड़ों यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे थे। यह तो केवल एक ट्रेलर मात्र था। ऐसी गंभीर गलती बिना नागर विमानन मंत्रालय और उसके अधीन विभागों के अधिकारियों की मिलीभगत बिना होना संभव नहीं था। जेट एयरवेज द्वारा यात्रियों के साथ धोखाधड़ी और देश के साथ गद्दारी के दर्जनों प्रमाण लिखित शिकायत करके हमने केंद्रीय सतर्कता आयोग और सीबीआई में दाखिल किए और उन पर उच्चस्तरीय पड़ताल जारी हुई, परंतु जैसे ही जेट एयरवेज ने खुद को दिवालिया घोषित किया यह सभी जांच ठंडे बस्ते में पड़ गइ्। डी.जी.सी.ए. और जेट एयरवेज की मिलीभगत का एक और उदाहरण विदेशी मूल के कैप्टन हामिद अली है, जो 8 साल तक जेट एयरवेज का सीओओ बना रहा, जबकि भारत सरकार के नागर विमानन अपेक्षा कानून के तहत (सी.ए.आर. सीरीज पार्ट-2 सेक्शन-3) किसी भी एयरलाइंस का अध्यक्ष या सीईओ तभी नियुक्त हो सकता है, जब उसकी सुरक्षा जांच गृह मंत्रालय द्वारा पूरी कर ली जाए और उसका अनापत्ति प्रमाण पत्र ले लिया जाए। अगर ऐसा व्यक्ति विदेशी नागरिक है, तो न सिर्फ सीईओ बल्कि सीएफओ या सीओओ पदों पर भी नियुक्त किए जाने से पहले ऐसे विदेशी नागरिक की सुरक्षा जांच नागर विमानन मंत्रालय को भारत सरकार के गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से भी करवानी होती है। पर देखिए, देश की सुरक्षा के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ किया गया कि कैप्टन हामिद अली को बिना सुरक्षा जांच के नरेश गोयल ने जेट एयरवेज का सीओओ बनाया। यह जानते हुए कि वह बहरीन का निवासी है और इस नाते उसकी सुरक्षा जांच करवाना कानून के अनुसार अति आवश्यक था। क्या डी.जी.सी.ए. और नागर विमानन मंत्रालय के तत्कालीन महानिदेशक व सचिव और उड्डयन मंत्री आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे थे। इसका तथ्य का खुलासा तब हुआ जब 31 अगस्त, 2015 को मेरे द्वारा आरटीआई के जवाब पर नागरिक विमानन मंत्रालय ने स्पष्टीकरण दिया। जब मामला विदेशी नागरिक का हो, देश की सुरक्षा एवं कानून का हो और नागरिक विमानन मंत्रालय का हो, तो क्या इस संभावना से इनकार किया जा सकता है कि कोई देशद्रोही, अंडरवर्ड या आतंकवाद से जुड़ा व्यक्ति जान-बूझकर नियमों की धज्जियां उड़ाकर इतने मह'वपूर्ण पद पर बैठा दिया जाए और देश की संसद और मीडिया को कानों-कान खबर भी न लगे।




देश की सुरक्षा के मामले में यह बहुत खतरनाक अपराध हुआ है, जिसकी जवाबदेही न सिर्फ नरेश गोयल की है, बल्कि तत्कालीन नागरिक विमानन मंत्रालय के मंत्री, सचिव व डी.जी.सी.ए. के महानिदेशक की भी पूरी है। मोदी सरकार के कड़े रुख के चलते जिस तरह नरेश गोयल को देश छोड़ कर भागने पर प्रतिबंध लगा वो सराहनीय है। नहीं तो अब तक गोयल भी अन्य अपराधियों की तरह कब के देश छोड़ कर जा चुके होते। देखना यह है कि क्या केवल 538 करोड़ के बैंक घोटाले में ही गोयल की जांच होगी या ईडी इनके द्वारा किए गए अन्य वित्तीय घोटालों की जांच भी करेगी? सरकार को इनकी अकूत संपत्ति को जब्त कर न सिर्फ बैंकों को पैसा वापस करना चाहिए बल्कि जेट एयरवेज के सभी कर्मचारियों की बकाया सैलरी भी दिलवानी चाहिए। सरकार की अन्य जांच एजेंसियों को भी नरेश गोयल द्वारा की गई बाकी की गड़बड़ियों की जांच में भी जुट जाना चाहिए। यदि जांच एजेंसियों द्वारा ऐसा होता है तो ऐसा करने वाले उन सभी अपराधियों के पास एक कड़ा संदेश जाएगा कि भले आप कितने भी बड़े क्यों न हों कानून आपसे ऊपर है।

# मुख्यमंत्री रिजर्व पुलिस लाइन्स में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

**संस्कार उजाला, आरके शर्मा**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए था। 05 हजार वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण की वह आदर्श प्रेरणा देश व दुनिया में सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हम सभी भगवान श्रीकृष्ण के भावों को अंगीकार करते हुए सकारात्मक रूप से आगे बढ़ें। मानवता के कल्याण के मार्ग में किसी भी बाधा को हटाने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग करें। मुख्यमंत्री जी आज यहां रिजर्व पुलिस लाइन्स में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से 5,250 वर्ष पूर्व भगवान विष्णु के एक विशिष्ट तथा पूर्ण अवतार के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने वर्तमान उत्तर प्रदेश के मथुरा में जन्म लिया था। भारत में जब भी कहीं अत्याचार व अन्याय हुआ या कोई अराजकता फैली, हमारे ईश्वरीय अवतारों ने एक विशिष्ट प्रकाश पुंज के रूप में समाज का मार्गदर्शन किया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज को ऊर्जावान बनाने के लिए शान्तिकाल में ह्यकर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणिह्ल का भाव सदैव प्रेरित करता रहा है। वहीं जब समाज संकट में हो, दुष्ट प्रवृत्ति के तत्व शान्ति व्यवस्था, विधि व्यवस्था में खलल डालने का कार्य कर रहे हों तो ह्लपरित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्, धर्म संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगेह्ल के भाव को व्यावहारिक धरातल पर उतारने में ईश्वरीय अवतारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। शान्ति अथवा संकट, किसी भी समय भारतीय समाज के समक्ष भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र सदैव नई प्रेरणा व ऊर्जा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान में पूरा देश अपनी विरासत का सम्मान करते हुए एक नई ऊर्जा के साथ सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए कार्य कर रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद अमृत काल में भारत नई उपलब्धियों के साथ दुनिया में पहचान बना रहा है। ऐसे में अनेक लोगों को भारत की समृद्धि, प्रगति तथा वैश्विक मंच पर भारत का बढ़ता सम्मान अच्छा नहीं लग रहा है। भारत की उपलब्धियों को कमजोर करने के लिए ऐसे लोगों द्वारा भारत, भारतीयता तथा देश की सनातन परम्परा पर उंगली उठाने तथा अपनी विरासत को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। दुनिया के सभी मत, मजहब तथा सम्प्रदायों को सनातन धर्मावलम्बियों ने सुरक्षा व संरक्षण देने का कार्य किया है। सनातन धर्मावलम्बियों ने कभी भी स्वयं को विशिष्ट नहीं माना, बल्कि सदैव कहा कि ह्यएकम् सत विप्रा बहुधा वदन्तिह्ल अर्थात सत्य एक है, विद्वान व महापुरुष उन्हें अलग-अलग भाव से देखते हैं। अलग-अलग रास्तों से इनका अनुसरण करते हैं। जो सनातन रावण के अहंकार से नहीं मिटा, कंस के हुंकार से नहीं डिगा तथा बाबर और औरंगजेब के अत्याचार से नहीं मिटा, वह ऐसे सत्ता के लोभी लोगों से क्या मिटेगा। इन्हें अपने कृत्यों पर लज्जित होना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें दुनिया को मानवता के कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली भारत की सनातन परम्परा पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। यह भारत की राष्ट्रीयता का प्रतीक है तथा देश को नई प्रेरणा देने का माध्यम है।

## मांगों को लेकर भारतीय किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन





**संस्कार उजाला, सचिन शर्मा**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद पदाधिकारियों ने डीएम आफिस और जिला पुलिस आयुक्त के आफिस में जाकर ज्ञापन सौंपा और अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें राजेश यादव जी मेरठ मंडल सचिव, मनोज यादव जी जिला उपाध्यक्ष, स्वीटी सैनी जी, नरेंद्र कुमार जी, विरेंद्र यादव जी, सुन्दर जी, मनोज धामा जी, लवकुश राजपूत जी व अन्य कार्यकर्ताओ की विशेष उपस्थिति रहीं। मामला जी-20 के बहाने से जो गाजियाबाद हिंडन एयर फोर्स करहैड़ा की मार्केट की दुकानों को गैरकानूनी तरीके से वहाँ की पुलिस चौकी वालों ने बंद कराया और न बंद करने वालों पर 35000 हजार का चालान काटने की धमकी दी थी जिसमें हमारे संगठन से जुड़े हुए कुछ लोगों ने दुकानों को बंद नहीं है क्योंकि हमें पता था इनकी यातायात ऐडवाईजरी में दुकानों को बंद करने का कोई आदेश नहीं है।

## मेरठ मै मधुमक्खीयों के हमले से हुए कई लोग घायल



**संस्कार उजाला**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश मेरठ में मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ पर हमला बोल दिया। नाराज मधुमक्खियों का हमला इतना तेज था कि बुजुर्ग ललिता त्यागी की मौत हो गई। वहीं (18) लोग घायल हो गए। घटना पूजा समारोह में प्रसाद वितरण के दौरान हुई। जब प्रसाद वितरण के समय अचानक पेड़ पर बना मधुमक्खियों का छत्ता किसी तरह भीड़ से टच हो गया इसके बाद नाराज मधुमक्खियों ने जनता पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से जनता में भगदड़ मच गई। भगदड़ में महिला बुरी तरह घायल हुई। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं लोग खुद को बचाने के लिए वहीं सड़क पर ही लेट गए। मेरठ के परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में डॉ. अरुण त्यागी के यहां पूजन था। डॉ. अरुणा त्यागी का परिवार राजस्थान के बागड़ स्थित गोगा म्हाड़ी के लिए गया है। बुधवार को यहां जाने से पहले गांव के बाहरी क्षेत्र पर बने सम्राट मंडप के समीप पथवारी ,अस्थाई म्हाड़ी, बनाकर गुरु गोरखनाथ की पूजा अर्जना की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा था। तभी वहां पेड़ पर बने छत्ते से मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया।मधुमक्खियों के डंक मारने से (60) वर्षीय ललिता त्यागी पत्नी प्रकाश चंद व निर्मला निवासी सिखेडा की मौत हो गई।

## थ्री व्हीलर आटो की छत पर समान लोडिग कर चलने पर कब लगेगी रोक



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़ ।** यातायात नियमों को दरकिनार रखकर सड़कों पर बेखौफ फरार्टा भरने वाले ऑटो चालकों के द्वारा अनधिकृत रूप से सवारियां भरने के साथ छत पर सामान लोडिंग करके चलने वाले ऑटो चालकों पर कार्यवाही करने को लेकर हापुड़ सहायक संभागीय परिवहन विभाग बना हलकान। बता दें कि हापुड़ का सहायक संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भले ही शिकंजा कसने के दावे करता हो लेकिन ऑटो चालकों को इनके द्वारा किए जाने वाली किसी भी कार्यवाही का जरा भी नहीं है खौफ। जिसका जीता जागता उदाहरण सड़कों पर बैखौफ दौड़ रहे ऑटो चालकों के द्वारा दिखाई दे रहा है। जिसमें इन ऑटो चालकों के द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक सवारियां भरकर एवं ऑटो की छत पर लोडिंग सामान रखकर मौत के सौदागर बनाकर सड़कों पर भर रहे हैं फरार्टा। सूत्रों की माने तो गत माह में इन ऑटो चालकों के द्वारा नियमों का उल्लंघन करने के चलते सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग मौत का शिकार हो चुके हैं। इन ऑटो चालकों पर यातायात पुलिस एवं सहायक संभागीय परिवहन विभाग की सरपरस्ती कहा जाए या अनदेखी। आखिर इन ऑटो चालकों पर कार्यवाही करने को लेकर प्रशासन क्यों बना हुआ है हलकान।

# शहर में कन्हैया के जन्मोत्सव की धूम



**संस्कार उजाला**

**आगरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के रामजी बिहार कॉलोनी उखर्रा में नन्दोत्सव की धूम रही। इस मौके पर श्रद्धालु कान्हा जन्म की खुशियों से सरोबार हो उठे और मंदिरों में नन्दोत्सव का उल्लास छाया रहा। नन्दोत्सव में भक्ति और उल्लास के बीच जयकारे गूंजते रहे। वृन्दावन से पधारी कथा वाचिका पं गरिमा किशोरी जी ने प्रवचन कर नंदोउत्सव कान्हां के जन्म भगवान विष्णु की आरधना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के रामजी बिहार कॉलोनी उखर्रा में नन्दोत्सव की धूम रही। इस मौके पर श्रद्धालु कान्हा जन्म की खुशियों से सरोबार हो उठे और मंदिरों में नन्दोत्सव का उल्लास छाया रहा। नन्दोत्सव में भक्ति और उल्लास के बीच जयकारे गूंजते रहे। वृन्दावन से पधारी कथा वाचिका पं गरिमा किशोरी जी ने प्रवचन कर नंदोउत्सव मनाया मनाया गया !वृन्दावन से आये बलवीर सिंह बल्लो ने सुंदर सुंदर भजन सुनाकर भक्तो को खूब आनंदित किया। जयकारों के बीच नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की... भजन गुंजायमान हुए। साथ ही बधाई गीतों के स्वर भी गूंजते रहे। सुंदर सुंदर श्री कृष्ण और राधा की झांकी ने सबका मन मोहा। भगवान शंकर की झांकी पर सबको नृत्य कराया। विभिन्न मंदिरों में लल्ला (कृष्ण) जन्म की खुशियों में छाक (प्रसादी) लुटाई गई। मुख्य रूप से उमा शंकर अग्रवाल, समाज सेवी श्याम भोजवानी, शशांक,शिवानी,सुधा शर्मा,चाँदनी, स्वाती, सन्देश, अनिल,रीता,श्री भगवान, राममोहन, विष्णु ,छमा,किशन,पिंकी,निशांत ,हिमानी, मनोज, मिकिन,कान्हा,धर्मेश, शुभम,हर्षिता,शिवांगी, अंकित, मयंक, सत्यम शर्मा आदि मनाया। वृन्दावन से आये बलवीर सिंह बल्लो ने सुंदर सुंदर भजन सुनाकर भक्तो को खूब आनंदित किया। जयकारों के बीच नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की... भजन गुंजायमान हुए। साथ ही बधाई गीतों के स्वर भी गूंजते रहे। सुंदर सुंदर श्री कृष्ण और राधा की झांकी ने सबका मन मोहा। भगवान शंकर की झांकी पर सबको नृत्य कराया। विभिन्न मंदिरों में लल्ला (कृष्ण) जन्म की खुशियों में छाक (प्रसादी) लुटाई गई। मुख्य रूप से उमा शंकर अग्रवाल, समाज सेवी श्याम भोजवानी, शशांक,शिवानी,सुधा शर्मा, चाँदनी, स्वाती, सन्देश, अनिल,रीता,श्री भगवान, राममोहन, विष्णु ,छमा, किशन, पिंकी, निशांत ,हिमानी,मनोज, मिकिन, कान्हा, धर्मेश, शुभम, हर्षिता, शिवांगी, अंकित, मयंक, सत्यम शर्मा आदि मौजूद रहे!

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**संस्कार उजाला**

**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जिला सचिव आयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को योगेश्वर सिंह को सौंपा। शुक्रवार को पार्टी के पदाधिकारियों कसया तहसील परिसर में पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए सरकार बिरोधी नारे लगाते हुए सरकार की नीतियों की अलोचना की और महंगाई, भ्ष्टाचर्चार, निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की। जिला सचिव का0 आयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर असफल साबित हो गयी है। सरकारी प्रतिष्ठानों रेलवे, बैंक आदि को निजी हाथों में देने से युवा डिग्रीयां लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं। दाल, सब्जियों के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं। समाज, जाती, धर्म के नाम पर जगह जगह दंगे, फसाद होने से आपसी भाईचारा के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। दिए ज्ञापन में खाने पीने की बस्तुओं के दाम कम ।करने, डीजल, पेट्रोल, गैस के दाम घटाने, रेलवे, बिजली अन्य विभागों में निजीकरण रोककर खाली पदों को भरने, कुशीनगर जनपद में कागज का कारखाना लगाने ताकि किसानों के खेतों के फसल अवशेष बिके, गन्ने का मूल्य 500 रुपये करने, पडरौना, कठकुईयाँ चीनी मिल पर किसानों का बाकी गन्ना मूल्य सूद समेत दिलाने, आवारा पशुओं से फसलों को बचाने की मांग की गई। इस मौके पर एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव, इदरीश सिद्दकी, गेंदा सिंह, दुर्गा यादव, बेचू गुप्ता, जवाहर शर्मा, कैलाश गिरी, राम बहाल सिंह, कैलाश गोंड आदि उपस्थित रहे।

## 11 सितम्बर को होगा प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

**संवाददाता**

**सहारनपुर ।** उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में प्लेसमेट-ड्राईव का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्लेसमेट-ड्राईव के अवसर पर रोजगार प्राप्त हो सकें। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवबन्द के प्रधानाचार्य श्री कपिल कुमार ने बताया कि 11 सितम्बर 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवबन्द में प्लेसमेट-ड्राईव में आयोजित किया जाएगा। जिसमें East India Technologies Pvt.Ltd. Noida, TATA Motors, Pantnagar प्रतिष्ठित अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगे। श्री कपिल कुमार ने बताया कि प्लेसमेंट-ड्राईव में तकनीकि गैर तकनीकि पदों पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो आई0टी0आई0, डिप्लोमा ,हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक एवं परास्नातक पास हो, जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य हो वें 11 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से सायं 3:30 बजे तक अपना बायोडाटा एवं शैक्षिक प्रमाण-पत्र के साथ संस्थान में उपस्थित होकर प्लेसमेट-ड्राईव के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## संस्कार भारती की तत्वधान में बाल गोकुलम कार्यक्रम 16 को



**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**कसया, कुशीनगर।** संस्कार भारती कुशीनगर के तत्वाधान में "बाल गोकुलम" कार्यक्रम का आयोजन 16 सितंबर को पडरौना के श्याम अतिथि भवन मे होना सुनिश्चित है। कार्यक्रम की स्थानीय संयोजिका मारवाड़ी युवा मंच महिला चेतना शाखा की अध्यक्षा श्रीमती मीनू जिंदल हैं ।संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार सिन्हा एवं संरक्षक पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजन को लेकर श्रीमती जिंदल के आवास पर एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें 16 सितंबर सकल 5:00 बजे से कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय किया गया। कार्यक्रम में 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बालक बालिकाएं प्रतिभा करेंगे। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बालक बालिकाओं को संस्कार भारती की तरफ से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर बधाई गीत एवं सोहर सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आर के भट्ट प्रसिद्ध, व्यवसायी सतीश जिंदल सहित अन्य लोग भी उपस्थिति रहे।

## इस्कान द्वारा आयोजित हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**संस्कार उजाला**

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड नंबर 24 सुभाष नगर में स्थित चित्र तुली गली में जानकी धर्मशाला भव्य हरे कृष्णा प्रचार केंद्र (इस्कॉन समिति) के द्वारा भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर भव्य झांकी सजाई गई। जय जय श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे। संत श्री गोविंद शरण दास के मुख से कीर्तन एवं सत्संग का श्रोता भरपूर आनंदन लिए। जिसमें मुख्य रूप से संजय मद्धेशिया, राजन जायसवाल, कृष्ण कुमार, शिव वर्मा, विजय वर्मा, राजेश जायसवाल, राजेश मद्धेशिया (सभासद), विनोद जायसवाल, घनश्याम गुप्ता, रविंद्र,अग्रवाल, अमित जायसवाल , प्रदीप मद्धेशिया, शुभम जायसवाल , नरेंद्र वर्मा, विजय मद्धेशिया, गुलशन, अमन, दीपक, काफी मात्रा में भक्तगण उपस्थित है, भक्तगढ़ द्वारा श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर नाटक प्रस्तुत किया गया। अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### संक्षिप्त डायरी

## इलेट्रिक स्कूटियों को चुराने वाले गेंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़** । थाना कपूरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गैंग लीडर सहित 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे निशानदेही पर चोरी की 5 इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद हुई ।इस गिरोह के 3 सदस्यों को 5 सितंबर को गिरफ्तार भी किया जा चुका हैं जिनसे 5 इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद हुई थी व गिरोह से अब तक कुल 10 स्कूटी बरामद की जा चुकी है।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि कम्पनी कायनाटिक ग्रीन के द्वारा ढढ कम्पनी के साथ टीम लीडर के माध्यम से उक्त स्कूटियो को रायडर के माध्यम से फूड डिलावरी के इस्तेमाल करने के लिये टाई-अप है तथा अभियुक्त ढढ कम्पनी में टीम लीडर एवं रायडर के पद पर कार्यरत है, जिनके द्वारा अपनी ही कम्पनी के रायडर की स्कूटियों को चोरी कर सस्ते दामो में बेचते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों मै नंदू नरेंद्र उर्फ मनवीर पुत्र बब्लू गुजर धोलिया दिल्ली फईम पुत्र निजाम खान सरिता बिहार दिल्ली।

## झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, मेडिकल स्टोर संचालकों की मौज




**संस्कार उजाला**

**आगरा।** शहर में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है जहां देखो वहीं ऐसे डाक्टर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं आलम यह है की इनकी आड़ में मेडिकल स्टोर संचालकों की जम कर मौज आ रही है इतना ही नहीं मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा भी छोटी बड़ी बिमारी की दवा धड़ल्ले से दी जा रही है वैसे तो यह आलम पूरे शहर है मगर शिल्पग्राम ( ताजगंज) से धांधूपुरा तक एक किमी की दूरी में लगभग आधा दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक और इससे अधिक मेडिकल स्टोर संचालक भी है जो मानक के विपरीत संचालित है मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दवा भी मरीजों को दिया जा चुका है कुछ दिन पहले एक महिला की उपचार के दौरान हालत अधिक खराब हो गई थी ! क्षेत्रीय लोगों ने सीएमओ से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है!

## अधिवक्ताओं का प्रदर्शन आज भी रहा जारी



**संस्कार उजाला**

**आगरा।** हापुड़ प्रकरण को लेकर तहसीलबार एसोशियेशन सदर तहसील आगरा के सभी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, एवं स्टाम्बेन्डरो द्वारा न्यायिक और निबंध कार्य से विरत रहते हुए धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा! अधिवक्ताओं द्वारा हवन यज्ञ कर प्रदेश के अधिकारियों की शुद्ध बुद्धि हेतु एक यज्ञ का आयोजन किया गया था,इस प्रदर्शन में केसब देव सिसोदिया ,सुरेश चंद्र सारस्वत, लाल बहादुर राजपूत, श्री कृष्णा दीक्षित, दिव्यांश पांडे ,ललित अग्रवाल ,सुनील कुमार तोमर ,शिवनंदन शर्मा ,संजीव कुमार सिंह ,भगवान सिंह ,सतीश बघेल, रामेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मोहन दुबे, कपिल सिंगल, सुधीर कुमार शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद मित्तल, रामकृष्ण दत्त उपाध्याय, संदीप शाह सतीश चंद्र अग्रवाल, निशांत चतुवेर्दी, सुशील कुमार, राजेश कुमार शुक्ला, आदि मौजूद रहे!

## पुलिस लाइन मै भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाई गई जन अष्टमी



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़।** गुरुवार को जन अस्टमी के शुभ अवसर पर जगह जगह मंदिरों मै सजावट हुई कैई जगह कान्हा श्याम के जागरण सांस्कृतिक प्रोग्राम भी चले वही पक्का बाग स्थित गौशाला पर मंच कार्यक्रम व बच्चों के खेल कूद करने के लिए छोटे छोटे चरख झूले और महिलाओ की खरीददारी की दुकाने भी लगी बतादें की पुलिस लाइन मै भी जन अस्टमी मनाई गई जहाँ हापुड़ जिलाधिकारी महोदया एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया गया।इस अवसर पर श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं पुलिस परिवार जन भी उपस्थित रहे।

## एंटीरोमियो इस्कवायड टीम द्वारा की गई भीड़ भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग



**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़** । समस्त थानों की एण्टीरोमियों स्क्वाड टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं पार्क आदि स्थानों पर मनचलों शोहदों की चेकिंग की जा रही है शुक्रवार को नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद हापुड़ में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद की समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध लड़कों युवकों से पूछताछ कर उन्हें हिदायत दी जा रही है

## अपमानजनक टिप्पणी पर भाजपा नेता गौरव भाटिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराऊंगी: रीना गुप्ता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता रीना गुप्ता ने कहा है कि वह भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगी, उन्होंने कहा है कि वह उनके साथ दुर्व्यवहार करेंगे। रीना ने कहा कि वह गौरव भाटिया के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराएंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखेंगी। आप प्रवक्ता ने कहा, 'एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहस में शामिल हुई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और स्वयंभू वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया भी उसी बहस में शामिल हुए। बहस के दौरान भाटिया ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। भाजपा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे देती है और इस पार्टी के प्रवक्ता ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। 'रीना ने कहा,' मैं आम आदमी पार्टी की हूं। हमारी पार्टी और नेता हमेशा ऐसे मामलों में आवाज उठाते हैं, चाहे वह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला हो या मणिपुर की महिलाओं का। आप के नेता ऐसा करना जारी रखेंगे। अगर जरूरी हुआ तो हम 'दुर्गा' का रूप धारण करने और ऐसे अधर्मी लोगों को नष्ट करने के लिए तैयार हैं, यह कौशल हमारी भारतीय महिलाओं के पास है। हमारी पार्टी की कानूनी टीम ने एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर ली है। हम एनसीडब्ल्यू और डीसीडब्ल्यू में शिकायत करेंगे और एफआईआर भी दर्ज ककरागे। मैं पीएम मोदी को पत्र लिखूंगी।'



## दिल्ली सरकार ने हाई कोर्ट को बताया, 14 सितंबर तक पेड़ काटने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एक अवमानना याचिका के जवाब में उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि वह 14 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं देगी। अवमानना याचिका में उन सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग




की गई, जो अप्रैल 2022 के आदेश में अदालत के स्पष्ट निर्देश के बावजूद कथित तौर पर पेड़ काटने के कारण बताने की आवश्यकता का पालन नहीं कर रहे हैं।

सिंह की अध्यक्षता वाली एकल-न्यायाधीश पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने चिंता व्यक्त की थी कि अधिकारी लापरवाही से पेड़ों की कटाई की अनुमति दे रहे हैं। दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील धैर्य गुप्ता ने अदालत को सूचित किया कि सुनवाई की अगली तारीख तक किसी भी व्यक्ति को पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी जाएगी, और महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किसी भी आवश्यक अनुमति के बारे में अदालत को सूचित किया जाएगा। इसके बाद न्यायाधीश ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 14 सितंबर की तारीख तय की।

## गाजियाबाद में चोरी के शक में युवक को पीट-पीट कर मार डाला, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक युवक को चोर समझकर कुछ लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने परिजनों के आरोप पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये मामला थाना टीला मोड़ इलाके में बनी चौकी तुलसी निकेतन का है। चौकी के पास के बने गेट पर बीती रात करीब 8 बजे के आसपास एक शव पड़ा हुआ था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला 23 से 24 साल के अनिल नाम के युवक का यह शव है। युवक के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है कि कुछ युवकों ने चोरी के शक में इसे इतना बुरी तरीके से पीटा कि इसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और अन्य की तलाश की जा रही है। इस मामले को लेकर एसीपी शालीमार गार्डन ने बताया है की 7 सितंबर को पुलिस को थाना टीला मोड क्षेत्रान्तर्गत अनिल पुत्र पप्पू का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई।

# दिल्ली के कई रास्तों पर दिख रहा लॉकडाउन सा नजारा

**नई दिल्ली।** भारत इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है जिसके तहत पूरी दिल्ली 7 सितंबर से ही एक किले के रूप में तब्दील हो गई है। इस खबर को लेकर बीते 15 दिनों से ही कई तरह की खबरें आ रही हैं कि दिल्ली तीन दिन के लिए बंद रहेगी।

ऐसे में लोग अब भी परेशान हैं कि आखिर अगर उन्हें कहीं जाना है तो वह कैसे जाएंगे। ऐसे में आपको बता दें कि दिल्ली पुलिस पूरी तरह से स्पष्ट कर चुकी है कि पूरी दिल्ली नहीं केवल नई दिल्ली क्षेत्र में आने वाले इलाके बंद हैं। हालांकि यहां भी अनिवार्य सेवाओं पर कोई रोक नहीं है।

**नई दिल्ली क्षेत्र तीन जोन में बंटा**

पुलिस ने नई दिल्ली के कुछ इलाकों को आम लोगों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है और इसे सुरक्षा की दृष्टि से तीन जोन में



बांटा है। नियंत्रित क्षेत्र-1 में में 8 सितंबर यानी आज सुबह 5 बजे से 10 सितंबर की रात 11.59 बजे तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

नियंत्रित क्षेत्र 2 में 8 सितंबर की रात 12 बजे से 10 सितंबर दोपहर 2 बजे तक प्रतिबंध जारी रहेगा, वहीं तीसरे नियंत्रित क्षेत्र में 8 सितंबर की सुबह 5 बजे से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

**यह रोड आज भी हैं खुले**

विकास मार्ग से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का रास्ता निजी वाहनों के लिए खुला है।

एनएच नौ से महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए कश्मीरी गेट भी निजी वाहनों से जा सकते हैं।

**इन रास्तों पर हो रही सघन चेकिंग**

कल रात नौ बजे के बाद से हरियाणा से आने वाले कमर्शियल वाहनों की एंट्री दिल्ली में बंद कर दी गई है। औचंदी बॉर्डर पर वाहनों की जांच करने के बाद ही पुलिसकर्मी लोगों को जाने दे रहे हैं।

जी-20 के मद्देनजर सिंघु बार्डर पर करीब 150 पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। वाहन चालक का नाम लिखती पुलिसकर्मी।

## जी20 शिखर सम्मेलन : अर्जेंटीना के राष्ट्रपति, यूरोपियन संघ प्रमुख दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज 9-10 सितंबर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। फर्नांडीज का दिल्ली हवाई अड्डे पर इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने स्वागत किया।

अर्जेंटीना उन पांच नए देशों में शामिल है जिन्हें ब्रिक्स फोरम में शामिल किया गया है। भारत में अर्जेंटीना के दूत ह्यूगो जेवियर गोब्बी ने ब्रिक्स के विस्तार में भारत की भूमिका की सराहना की और कहा है कि भारत के समर्थन के बिना उनके देश को समूह में शामिल करना संभव नहीं होता।



इस बीच, कई अंतरराष्ट्रीय नेता राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। कुछ प्रमुख लोगों में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू शामिल हैं, जो बहुपक्षीय कार्यक्रम में आने वाले पहले राष्ट्र प्रमुख थे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे। शिखर सम्मेलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा भी पहुंची हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन सहित अन्य विश्व नेता; ओईसीडी के महासचिव माथियास कॉर्मन; मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनुथ; यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल; और मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्री रकेल ब्यूनरोस्त्रो सांचेज़ दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे हैं।

## दिल्ली नहीं नोएडा और मेरठ रेफर होंगे डेंगू के गंभीर मरीज, गाजियाबाद के अस्पताल में फुल हुए बेड

**गाजियाबाद।** जी-20 सम्मेलन का असर गंभीर मरीजों पर भी पड़ने लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को दिल्ली के अस्पतालों में रेफर करने पर रोक लगा दी गई है।

गंभीर मरीजों को अगले तीन दिन तक दिल्ली के बजाय नोएडा और मेडिकल कालेज मेरठ रेफर किया जाएगा। हालांकि, सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने इससे इनकार किया है, लेकिन गुरुवार को भर्ती मरीजों की संख्या पहली बार 187 पर पहुंचने से साफ पता चल रहा है कि बहुत कम मरीजों को रेफर किया जा रहा हैं। ओपीडी में गुरुवार को 826 मरीज पहुंचे।

सीएमएस डॉ.मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इनमें 341 महिला और 307 पुरुष मरीज पहुंचे। 178 बीमार बच्चे और बुखार के 117 मरीज पहुंचे।

**तीन समेत डेंगू के 10 नए केस मिले, संख्या 376 पर पहुंची गाजियाबाद**

गुरुवार को 65 मरीजों की जांच करने पर तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत डेंगू के 10 नए केस मिले हैं। डेंगू के नए केस इंदिरापुरम, मुरादनगर, सिद्धार्थ विहार, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद और नंदग्राम में मिले हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि 20 जुलाई से अब तक डेंगू के 376



केस मिल चुके हैं। 38 टीमों ने 41 क्षेत्रों के 1692 घरों का सर्वे किया। इस दौरान 31 घरों में एडीज मच्छर का लार्वा मिलने पर उसे तुरंत नष्ट कराया गया।

**एमएमजी में बनेगा 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लाक**

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला एमएमजी अस्पताल में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनेगा। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने कार्यदायी संस्था सीएडडी सर्विसेज के परियोजना प्रबंधक को पत्र भेजकर ब्लाक का निर्माण कार्य शुरू करने का अनुरोध किया है।

सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि भविष्य में अस्पताल का विस्तार होना है। जर्जर भवनों को तोड़कर नया भवन बनाया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में 4300 वर्गमीटर जमीन चयनित करते हुए कार्यदायी संस्था को इसकी सूचना दी गई है। शास्त्रीनगर स्थित उत्तर प्रदेश जल निगम की यूनिट-31 के कार्यालय जाकर इसका डिजायन तैयार कराया जाएगा।

गाजियाबाद समेत 38 जिलों के जिला अस्पतालों में मरीजों के लिए क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण किया जाना है। इन जिलों में मुरादाबाद, पीलीभीत, सुल्तानपुर, बुलंदशहर, बिजनौर, रायबरेली, सोनभद्र, अलीगढ़, चंदौली, कानपुर देहात, मुजफ्फरनगर, लखीमपुर खीरी, बरेली और गौंडा, हापुड़, बागपत, संम्भल, मथुरा, हाथरस, रामपुर और अमैठी, उन्नाव, बाराबंकी, ओरैया, मैनपुरी, हमीरपुर और फर्रूखाबाद शामिल हैं।

## इन तीन इलाकों में 8, 9 और 10 सितंबर को नहीं होगी ऑनलाइन डिलीवरी, फूड से लेकर टैक्सी सब पर रोक

**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार दुनिया में आर्थिक दृष्टिकोण से दिग्गज 20 देशों के शीर्ष नेता एकत्रित होने जा रहे हैं। 9-10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

दिल्ली पुलिस के अधिकारी नेताओं के आने-जाने के रास्ते की पूरी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कर लिए हैं और सम्मेलन के आसपास के हिस्सों में प्रतिबंध लगा दिया है।

**इस इलाके में होगा पूर्ण प्रतिबंध**

वहीं, पुलिस ने राजधानी में यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए लोगों को प्रतिबंधित क्षेत्र के बजाए वैकल्पिक मार्गों से यात्रा करने की सलाह दी है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 को छोड़कर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिकार क्षेत्र के बाहर यातायात पर कोई




प्रतिबंध नहीं होगा।

**NDMC क्षेत्र में नहीं होगी डिलीवरी**

बीते दिनों दिल्ली पुलिस ने अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया था कि नई दिल्ली जिले में सभी क्लाउड किचन, बाजार, फूड डिलीवरी और कमर्शियल सेवाएं 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगी। पुलिस अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नई दिल्ली नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों के द्वारा डिलीवर किए जाने वाले ऑर्डर पर पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। हालांकि, दवाओं की डिलीवरी करने वाले, सैंपल कलेक्शन, हाउसकीपिंग और कचरा निपटान करने वालों को जांच के बाद इलाके में जाने की अनुमति दी जाएगी।

बता दें कि एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में चाणक्यपुरी, दिल्ली कैंट, बसंत विहार इलाके में आते हैं, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लोगों की आवाजाही सहित सभी चीजों पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है।

**खुली रहेंगे अस्पताल**

एडवाइजरी के अनुसार, हृष्टस्ष्ट इलाके में डॉक्टरों, पैरामेडिक्स, मेडिकल प्रैक्टिशनरों पैथोलॉजी लैब और अन्य चिकित्सा केंद्र खुले रहेंगे। लेकिन यहां काम करने वाले स्टाफ सदस्यों को संस्थान के आईडी और दस्तावेज की जांच के बाद ही इलाके में आने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इलाके में एम्बुलेंस सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी, क्योंकि उनके लिए विशेष लाइने बनाई गई है।

**खुले रहेंगे पुरानी दिल्ली के थोक बाजार**

जी-20 सम्मेलन के प्रतिबंध वाले क्षेत्र से पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों को बाहर रखा गया है। इसलिए चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार, कूचा महाजनी, कश्मीरी गेट, भागीरथ पैलेस समेत अन्य बाजार आम दिनों की तरह ही खुले रहेंगे।

## गाजियाबाद में घर के गेट पर बरसाए हथौड़े, सामान उठाकर बाहर फेंका,तीन लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक वीडियो सामने आया है। इसमें यह दिखाया गया है कि एक घर के दरवाजे पर बाहर से कुछ लोग हथौड़े से वार कर रहे हैं। घर के अंदर महिलाएं दरवाजे को कस के पकड़ कर चीखती चिल्लाती दिखाई दे रही हैं। बताया जा रहा है की वीडियो चार सितंबर का है और पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर मकान मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।



इस मामले की जानकारी देते हुए एसीपी नंदग्राम ने बताया है कि थाना नंदग्राम क्षेत्र का एक वीडियो संज्ञान मे आया है। इसमे एक व्यक्ति हथौड़े से एक दरवाजे पर मार रहा है। मकान मालिक अनुज व आदेश तोमर अपने किरायेदार दीपक राघव के यहां गये व मकान खाली करने को कहा। इस पर दोनो पक्षो मे विवाद हो गया था। उन्होंने बताया की घटना के संबंध में 4 सितंबर को ही थाना नंदग्राम पर मामला दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज होते ही 3 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया था। सामने आए वीडियो में अंदर मौजूद महिलाएं दरवाजे को बंद कर, अंदर से दरवाजा पड़कर खड़ी हैं और चीख चिल्ला रही हैं। दूसरी तरफ एक युवक बड़ा सा हथौड़ा लेकर दरवाजे के गेट पर बार-बार उसे मारता हुआ दिखाई दे रहा है।

## मेहमानों के सामने मृदंगम की प्रस्तुति देंगे 12 वर्षीय दक्ष, भारत की संस्कृति कराएंगे रूबरू

**नई दिल्ली।** जी 20 शिखर सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमान भारत की संस्कृति से भी रूबरू होंगे। इस दौरान भारतीय संगीत संस्कृति भी मेहमानों के सामने प्रस्तुति की जाएगी।

नौ सितंबर की सुबह भी भारत मंडपम में संगीत कार्यक्रम होगा तो वहीं, रात्रि भोज में भी देश के विभिन्न राज्यों के कलाकर अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे।

इसी में एक 12 वर्षीय कलाकर दक्ष भी मृदंगम पर प्रस्तुति देगा। वह मृदंगम पर प्रस्तुति देने वाले सबसे कम उम्र के कलाकार हैं।

**चार साल की उम्र से दक्ष ले रहे हैं मृदंगम का प्रशिक्षण**

दिल्ली के मयूर विहार इलाके में रहने वाले दक्ष बूपथी तीन चार वर्ष की आयु से ही मृदंगम पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले भी वह दिल्ली के विभिन्न सभागारों में कलाकार के तौर पर प्रस्तुति दे चुके हैं। अब भारत मंडपम जी 20 शिखर सम्मेलन में आए मेहमानों के सामने प्रस्तुति देंगे। दक्ष उन 78 कलाकारों की टीम



का हिस्सा है जो अलग-अलग प्रस्तुति देंगे। इसमें 14 कलाकार हिंदुस्तानी संगीत के हैं तो 18 कलाकार कर्नाटिक और 40 कलाकार फोक संगीत की प्रस्तुति देंगे। दक्ष ने बताया कि जी 20 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनना उसके लिए बहुत ही ज्यादा गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के सहयोग के साथ ही स्कूल के सहयोग से वह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे हैं।

**तीन घंटे प्रस्तुति देंगे दक्ष**

दक्ष ने बताया कि नौ सितंबर को तीन घंटे रात्रि भोज में यह प्रस्तुति होगी। दक्ष को मृदंगम में भारत सरकार के सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा छात्रवृत्ति भी मिल रही है।

## छह फीट लंबाई...राष्ट्राध्यक्षों के पीएसओ बने एसआई, तैनाती में रखा गया कद-काठी का ध्यान

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के लिए पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) नियुक्त कर दिए गए हैं। नियुक्ति में कद-काठी का ध्यान रखा गया है। राष्ट्राध्यक्षों के पीएसओ की लंबाई 6 फीट या 180 सेंमी से ज्यादा है। इससे थोड़े कम लंबाई के एसआई राजनयिकों के पीएसओ बनाए गए हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, इसकी वजह यह कि इनकी कद-कादी मेहमानों के बराबर रहे और बातचीत के दौरान यह सीधे खड़े रहें। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीएसओ की ड्यूटी राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा को देखना है। उनको प्रगति मैदान व होटल लाना-ले जाना है।

पीएसओ को रूट के साथ यह भी जानकारी होगी कि राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा में तैनात किसी पुलिस अधिकारी की किस पाइंट पर, कितने और कहां ड्यूटी




लगाई गई है। अगर किसी तरह की इमरजेंसी हो जाती है तो पीएसओ राष्ट्राध्यक्षों को अस्पताल पहुंचाएंगे।

पीएसओ को अस्पताल का सबसे छोटा व पास के अस्पताल की पूरी जानकारी होगी। पीएसओ को हर वेन्यू पाइंट के बारे में पता होगा। राष्ट्राध्यक्ष जी-20 के बाद किसी बाजार व ऐतिहासिक जगह पर घूमना चाहेगा तो पीएसओ उसे उन जगहों पर ले जाएगा। इसकी सुरक्षा एजेंसियों व दिल्ली पुलिस को जानकारी देगा।

राष्ट्राध्यक्ष से नहीं करेंगे बात

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीएसओ को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से बात करने की अनुमति नहीं दी गई है। राष्ट्राध्यक्षों के साथ रहने वाले आईएफएस अफसर ही उनसे बात कर सकेंगे। वहीं, इस पद पर उनकी ही तैनाती हुई है, जो सीधे सब-इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए हैं।

विशेष ट्रेनिंग दी गई

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन पीएसओ को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। इनको बताया कि राष्ट्राध्यक्ष के सामने कैसे रहना है, हावभाव कैसे होंगे और चलना कैसे होगा। जिन महंगी गाड़ियों की कारकेड में रिहर्सल किया जा रहा है उनमें इन पीएसओ को बैठाया गया है। इनको बताया गया है कैसे कार में बैठना है और कैसे उतरना है।

## नोएडा में मादक पदार्थ बेचने वाले चार शातिर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले चार लोगों को विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर छलेरा गांव के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी का नाम जीवन है। उन्होंने बताया कि आरोपी काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा बेचने के धंधे में संलिप्त है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर ऋषभ नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उसकी गिरफ्तारी उप- निरीक्षक अलका चैधरी ने डी-पार्क सेक्टर-63 के पास से की है।

# सफदरजंग अस्पताल में मरीज ने डॉक्टर पर किया हमला, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में एक डॉक्टर पर एक मरीज ने हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता डॉ. राहुल कलेना (26) अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग में पीजी तृतीय वर्ष के छात्र हैं। डॉ. कलेना ने अपनी शिकायत में कहा, '4 सितंबर को मेरी ड्यूटी सुबह नौ बजे से ईआर-3 इमरजेंसी में निर्धारित थी। दोपहर करीब सवा एक बजे एक मरीज मेरे पास आया और उसके हाथ से कैनुला हटाने के लिए कहा। पीड़ित डॉक्टर ने प्राथमिकी में कहा है, 'मैंने उसे नर्सिंग स्टाफ से सहायता लेने की सलाह दी। जवाब में, उसने मुझे गाली दी और शारीरिक हमला किया। उसने अपनी जेब से एक स्क्रू ड्राइवर निकाला और जानबूझकर मेरी गर्दन और पेट पर वार किया जिससे मुझे चोट लग गई। इस घटना के दौरान मेरे दाहिने हाथ की दो उंगलियों में भी चोटें आईं।'

हालाँकि, डॉ. कलेना के सहकर्मी डॉ. सिद्धार्थ ने हस्तक्षेप कर उन्हें बचा लिया। प्राथमिकी में कहा गया है, ÷इस बीच, अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। मुझे अपनी चोटों के लिए मेडिकल लीगल सर्टिफिकेट (एमएलसी) भी मिल गया है। उस व्यक्ति ने, मेरी सरकारी ड्यूटी के दौरान मेरे काम में बाधा डालते हुए, नुकसान पहुंचाने या यहां तक कि मुझे मारने के इरादे से जानबूझकर मुझे चोटें पहुंचाईं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सफदरजंग एन्क्लेव थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच चल रही है।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रभु श्रीराम होंगे मुख्य थीम

## फेयर में ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमाचल, रूहेलखंड व बुंदेलखंडी कलाकार विदेशी मेहमानों का करेंगे स्वागत

ग्रेटर नोएडा । 21 से 25 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रोग्राम के मुख्य थीम में प्रभु श्रीराम होंगे। कार्यक्रम की पहचान श्रद्धा, सम्मान के साथ सांस्कृतिक विरासत के तौर पर भी होगी। ये मंच विश्व को एक सांस्कृतिक डोर में बांधने का जरिया भी बनेगी। थाइलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया से श्री राम से जुड़े संस्मरण, लोक कलाओं, गायन व नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया जाएगा। इसका शुभारंभ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी। इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले विदेशी मेहमानों का स्वागत कल्चरल ग्रुप के आर्टिस्ट करेंगे और उनके प्रोग्राम में श्रीराम से जुड़े लोक गीत प्रमुख होंगे। फेयर में हिस्सा लेने वाले हस्त शिल्पियों की ओर से तैयार की गई कलाकृतियों में भी प्रभु श्रीराम की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा इनॉगरेशन सेशन के दौरान कल्चरल टैब्ल्यू का प्रेजेंटेशन होगा, जिसमें ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमाचल, रूहेलखंड व बुंदेलखंड के कलाकारों की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इनमें से 12 कलाकार मंच पर अतिथियों को लेकर आएंगे। इंटरनेशनल ट्रेड शो में ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सद्गुरु भी आएंगे। वे इंटरैक्टिव सेशन के माध्यम से न केवल अध्यात्म से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक गुणों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं। विभिन्न विभागों के उत्पाद को वैश्विक पहचान दिलाने का काम ट्रेड शो के जरिए किया जाएगा। यहां कुल 17 विभागों को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा।बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि यूपी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पाद की श्रृंखला रहेगी। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि इसमें केवल उत्तर प्रदेश के उधमी ही शामिल होंगे। इसके अलावा इस इवेंट में 60 देशो के करीब 400 बायर्स पहुंच रहे हैं। करीब 2000 से ज्यादा एक्जीबिटर्स इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया यूपी के इस इंटरनेशनल इवेंट के लिए 70000 बिजनेसमैन अब तक अपना रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य करीब 2 लाख बिजनेसमैन को यहां पर बुलाना है। काफी लोग इसमें इंटरेस्ट दिखा रहे हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे। नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग और ऊर्जा विभाग व नेडा का स्टॉल होगा जिसे 100 स्क्वायर मीटर का स्थान मिला है। आवास एवं शहरी नियोजन (95 स्क्वायर मीटर) और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशु धन एवं दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग (सभी 50 स्क्वायर मीटर) का स्टॉल होगा। कृषि विभाग (60 स्क्वायर मीटर) और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (50 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे। 100 स्क्वायर मीटर में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए स्थान दिया गया है। इसके ठीक बगल में नगर विकास विभाग को भी इतने ही बड़े क्षेत्र में स्टॉल लगाने की मंजूरी मिली है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (100 स्क्वायर मीटर) चिकित्सा शिक्षा विभाग (97 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।







## संक्षिप्त डायरी

### विश्व साक्षरता दिवस के मौके पर सामाजिक संगठन ने जरूरतमंद बच्चों को पुस्तके उपलब्ध कराई



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** विश्व साक्षरता दिवस के मौके पर सामाजिक संगठन ने जरूरतमंद बच्चों को पुस्तके उपलब्ध कराई उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉ देवेंद्र कुमार नागर एवं महासचिव जागेश कुमार ने कहा कि आप किसी की मदद करना चाहते हैं तो उसे शिक्षित करने का प्रयास करें इसी उद्देश्य से आज बच्चों को उनकी आवश्यकता की पुस्तक देकर उनकी शिक्षा को बढ़ावा देकर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास उम्मीद संस्था कर रही है अरुण कुमार एवं भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने बताया कि उम्मीद संस्थान निशुल्क पुस्तक बैंक ने 13135 बच्चों को लगभग 60000 पुस्तक वितरित कर जरूरतमंद बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजियारा करने का कार्य किया है समाज के सम्मानित लोगों से अपील करते हैं कि किसी खुशी के मौके पर एक बच्चे के जीवन में शिक्षा के रंग भरने का प्रयास करें निशुल्क पुस्तक बैंक में पुस्तक जमा करने, पुस्तक लेने ,पुस्तक एक्सचेंज करने के लिए उम्मीद संस्था के नंबर 9818 929 094 पर संपर्क कर सकते हैं इस मौके पर मास्टर हुकम सिंह आर्य मास्टर ब्रह्म सिंह अरुण नागर किसान नेता राजकुमार रूपवास मास्टर जागेश कुमार डॉ देवेंद्र कुमार आदि बच्चे मौजूद थे

### दिल्ली के शास्त्री नगर में आयोजित इंडो-किक टूनामेंट में डी पी एस इंस्टिट्यूट घंघौला की टीम ने हिस्सा लिया



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर** । दिल्ली के शास्त्री नगर में आयोजित इंडो-किक टूनामेंट में डी पी एस इंस्टिट्यूट घंघौला की टीम ने हिस्सा लिया । विद्यालय से नौ खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपने खेल का जौहर दिखाया ।जिनमें से 6 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल एवं 3 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीते । गोल्ड मेडल जीतने वालों में एलिस अग्रवाल , सारांश, हर्ष भाटी श्वेता चीती, प्रियांशु नागर, लव भाटी एवं सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में वोरिश भाटी, विराट भाटी देवता, अर्णव भाटी घंघौला रहे । विद्यालय पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया । इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कर्मवीर भाटी , संचालक रामेश्वर सोलंकी, प्रधानाचार्य शीतल भाटी कोच विजय अग्रवाल के साथ-साथ अन्य गण मान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे ।

### नोएडा में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को आवारा कुत्ते ने काटा



**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कुत्तों के काटने का मामला लगातार सामने आ रहा है। ऐसा ही नजारा नोएडा के सेक्टर 151 जेपी अमन सोसायटी में देखने को मिला। जहां पर एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को कुत्ते ने काट लिया। कुत्ते के काटने के कारण वह घायल हो गए। इस घटना के बाद सोसाइटी के लोगों में काफी रोष है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 151 में स्थित जेपी अमन सोसायटी में कुत्ते ने एक बुजुर्ग को काट लिया। सोसाइटी के अध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुबोध मेहता मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान एक कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें घायल कर दिया। कुत्ते द्वारा हमला करने की घटना का वीडियो सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि एक कुत्ता बैठा हुआ है और जब वहां से सुबोध मेहता गुजरते हैं तो वह कुत्ता अचानक से ही उन पर हमला कर देता है। इस दौरान वह उनके पैर पर काट लेता है। उनको काटने के बाद कुत्ता वहां से भाग जाता है। इस घटना के बाद से ही सोसाइटी के निवासियों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि इतनी महंगी सोसाइटी में रहने के बावजूद सोसाइटी में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इनका आतंक बढ़ रहा है। आए दिन यह कुत्ते किसी न किसी को अपना निशाना बनाते रहते हैं।

### मोनू धाम मंदिर के महंत श्री मोनू शर्मा ने जरूरतमंद महिलाओ को बांटी साड़ियां



संवाददाता

**गाजियाबाद।** ग्राम टीला सहबाजपुर स्तिथ मोनू धाम मंदिर के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमे मोनू धाम मंदिर के महंत श्री मोनू शर्मा गुरु जी द्वारा जरूरतमंद महिलाओ को साडिया वा कन्याओं को चुन्नी बांटी तथा मटकी फोड़ने वाले बच्चो को 21सौ रुपए का नगद पुरुस्कार भेट किया इस दौरान लोनी नगर पालिका चेयरमैन मनोज धामा, अम्बरीस कुमार एडवोकेट सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### नोएडा में 3 जालसाज अरेस्ट: सिलिकोन अंगूठा और रैटिना से बनाते थे फर्जी आधार, लोगों को दिलाते थे लोन



**नोएडा।** जिन लोगों का बैंक सिबिल स्कोर खराब होता है उनको फर्जी आधार और पैर कार्ड के जरिए लो दिलाने वाले तीन आरोपियों को सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए ये लोग 5 से 10 रुपए लेते थे। पुलिस इनके द्वारा खोले गए अकाउंट की डिटेल निकलवा रही है। इनकी पहचान संजीत, जितेंद्र और आकाश हुई है। इनके पास से 6 लैपटॉप, 11 टैबलेट , 1 वेब कैम कैमरा, 2 आई स्कैनर मशीन, दो बायो मैट्रिक मशीन, दो दो बार बने हुए 6 आधार कार्ड अलग अलग नाम से, 1 सिलिकोन का अंगूठा निशान व भारी मात्रा में आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने के प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड मिले है। एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि ये लोग एक व्यक्ति के दो -दो आधार कार्ड बनाते थे। उन फर्जी आधार कार्ड से नए नाम के पैन कार्ड भी बनाये जाते थे। किसी अन्य व्यक्ति की आंखों के रैटिना लेकर नाम में या पिता के नाम में बदलाव कर नया दूसरा आधार कार्ड बना देते थे। इसके बाद डिमांड के मुताबिक ये तैयार किए हुए आधार कार्ड उन लोगों तक पहुंचाते थे जिनका सि बिल स्कोर खराब होता था या किसी प्रकार की लोन की आवश्यकता होती थी। जिससे वे लोग दोबारा से बैंकों से लोन आदि प्राप्त कर सकते है। इस तरह करके ये फर्जी खाता खुलवाकर लोगों से पैसा लेते थे साथ ही बैंकों को भी चूना लगाते थे। ये लोग किसी दूसरे व्यक्ति के आंखों का रैटिना लेकर अपने पास रखे सिलिकोन अंगूठे के जरिए फर्जी आधार और पैन कार्ड बनाते थे। जिससे लोन लेने वाला व्यक्ति यदि लोग लेकर फरार भी हो जाए तो उसकी पहचान करना मुश्किल होता था। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

### पॉर्न साइट पर डाली एडवोकेट महिला की अश्लील फोटो

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक एडवोकेट महिला की फोटो को पॉर्न साइट पर डालने का मामला सामने आया है। फोटो डालने वाला आरोपी और कोई नहीं बल्कि एक महिला है। वह पीड़िता की रिश्तेदार है। आरोप है कि महिला पीड़िता की फोटो को फोटोशॉप की मदद से अश्लील बनाकर पॉर्न साइट पर डालने की धमकी देकर 1 लाख रुपये की मांग कर रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की एक सोसायटी निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि गोरखपुर की रहने वाली उसकी रिश्तेदार महिला ने एक सितंबर को फोन कर पीड़ित के अश्लील फोटो होने का दावा किया। एक लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि रुपये न देने पर वह उसके व उसके पति के फोटो को फोटोशॉप की मदद से अश्लील बनाकर पॉर्न साइट पर डाल देगी। पीड़ित ने जब उसकी धमकी पर ध्यान नहीं दिया तो आरोपी महिला ने उसकी फोटो व मोबाइल नंबर पॉर्न साइट पर डाल दिया। इसके साथ ही अन्य रिश्तेदारों को पीड़ित व उसकी बहन और माता द्वारा वेश्यावृत्ति किये जाने का दावा किया है। पीड़ित की शिकायत पर रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला निधि सिंह निवासी गोरखपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब के नशे में कर दी दोस्त की हत्या





संवाददाता

**नोएडा।** बरौला टी पाइंट के पास केबल की दुकान पर काम करने वाले युवक विवाद में ढाबे पर काम करने वाले युवक का सिर और मुहं ईंट से कूचकर हत्या कर दी। विवाद शराब के पैसे न देने पर घटना को अंजाम दिया गया। दोनों ने पहले शराब पी, आरोपी और शराब पीना चाहता था। मृतक ने पैसा देने से इनकार किया और दोनों के बीच बढ़ गया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। अगले दिन सुबह जब राहगीर घटनास्थल के पास से गुजरे जब उन्हें घटना की जानकारी हुई। सेक्टर-49 पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी सौम्य सिंह ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग हुआ पत्थर भी बरामद कर दिया है। दरअसल, बुलंदशहर का 31 वर्षीय पिंटू सिंह बरौला गांव स्थित साईं ढाबे पर काम करता था। उसकी केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा के मोनू सिंह से दोस्ती थी। छह सितंबर की रात आठ बजे के करीब पिंटू ने ढाबे से पांच सौ रुपए लिए और मोनू के साथ निकल गया। दोनों शराब के ठेके पर पहुंचे थे। आरोप है कि यहां पर मोनू और पिंटू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बरौला टी प्वाइंट के पास स्थित झाड़ियों के पास जब दोनों पहुंचे तो मोनू ने शराब के नशे में पिंटू के सिर पर ईंट के वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने शव को झाड़ियों में छिपा दिया और फरार हो गया। पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मोनू को सेक्टर-47 की रेड लाइट से गिरफ्तार कर लिया। बता दे करीब पांच साल पहले पिंटू रोजगार के सिलसिले में नोएडा आया था। कासना सहित कई अन्य जगहों पर स्थित ढाबा और होटल में उसने नौकरी की। वर्तमान में वह बरौला गांव स्थित ढाबे पर नौकरी कर रहा था। पिंटू के माता-पिता की मौत हो चुकी है। भाई सहित घर के अन्य सदस्यों का खर्चा पिंटू ही भेजता था। हत्या की जानकारी मिलने के बाद उसका भाई नोएडा आया। फिलहाल मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना वाले दिन पिंटू और मोनू ने शराब पी थी। पिंटू के पास साढ़े 12 सौ रुपए और थे। मोनू इन पैसे से भी शराब पिलाने की जिद कर रहा था। पिंटू के मना करने पर मोनू आग बबूला हो गया और उसे मार डालने की धमकी दी। मौका पाकर झाड़ियों में उसने पिंटू की हत्या कर दी। वहीं मृतक के एक अन्य साथी का कहना है कि कपड़े के पैसे को लेकर आरोपी ने शराब के नशे में युवक की हत्या की है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के साथ 100 वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला शुरू

संवाददाता

**दनकौर** । भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नंद के घर आनंद भयो जय हो नंदलाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की आदि उद्घोष के साथ विभिन्न मंदिरों में हजारों दर्शनार्थियों ने कृष्ण कन्हैया तथा अन्य देवी देवताओं के सुंदर व आकर्षक विभिन्न रूपों में प्रदर्शित झांकियां के दर्शन किए जन्माष्टमी पाव धार्मिक परंपराओं मंत्र उच्चारण वह देर रात्रि तक चले भजन कीर्तन के बाद चरनाअमृत प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हो गया इससे पूर्व बिलासपुर कस्बे में देवी मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर भूतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न रूपों फूलों में रंग- बिरंगी लाइटों से सुशोभित झांकियां का प्रदर्शन किया गया किया गया। कस्बा दनकौर के गुरु द्रोणाचार्य मंदिर में महंत अमित मिश्रा देवी मंदिर में महेंद्र रवि कृष्ण शास्त्री एवं शनि देव मंदिर में भी विभिन्न देवी देवताओं की झांकियो के हजारों श्रद्धालुओं दर्शन कर भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना की जन्माष्टमी पर्व के साथ ही श्री द्रोण गौशाला समिति रजि0 दनकौर के संयोजन में 100 वां ऐतिहासिक वार्षिक श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला भी स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में शुरू हो गया जो 7 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर तक चलेगा इस इस दौरान मेला परिसर में श्री कृष्णा भजन कीर्तन कान्हा जी का अभिषेक कबड्डी प्रतियोगिता विशाल कुश्ती दंगल नाटक रागिनी भजन संध्या प्रादेशिक संस्कृत कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव मेरे राम मेरा राष्ट्र कान्हा जी की पालकी एवं ऐतिहासिक नाटक अमर सिंह राठौड़ वीर हकीकत राय झलकारी बाई रुदाली मायावी सरोवर हास्य व्यंग नाटक आदि दिखाए जाएंगे इस दौरान शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात किए गए कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण कर सतर्कता बनाए रखी।



## गलगोटियास विश्वविद्यालय ने ज़िला कारागार में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया आयोजन

संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** लीगल एण्ड क्लिनिक, स्कूल ऑफ लॉ, गलगोटियास यूनिवर्सिटी ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्ध नगर के सहयोग से जिला गौत्तम बुद्ध नगर के ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती ऋचा उपाध्याय जी के संरक्षण में ह्लराष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिला गौतम बुद्ध नगर के ह्लजिला कारागारह्व में महिला कैदियों और उनके बच्चों के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो जेल के परिसर में ही किया गया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल और नर्सिंग स्कूल के छात्रों ने, और उनके संबंधित डीन डॉ. नमिता सिंह मलिक और डॉ. एस.पी. सुबाशिनी के साथ, गलगोटियास विश्वविद्यालय के शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ इस कार्यक्रम में ह्लज़िला कारागारह्व में पहुँचे। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि रिचा उपाध्याय, एडीजे (एफ०टी०सी०) और सचिव डीएलएसए, गौतम बुद्ध नगर के संरक्षण में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत आदरणीय ऋचा उपाध्याय मैम ने एक तेज आइस ब्रेकिंग सत्र के साथ की, उन्होंने सभी महिला कैदियों से उनकी परेशानियों के बारे में बात की। और उनके निराकरण के लिये तुरंत प्रभाव से जरूरी कदम भी उठाये। उन्होंने आगे कहा कि आप को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी है तो आप मुझे अवश्य बताएँ। उन्होंने आगे कहा कि हम आपके दुख को अच्छी प्रकार से समझते हैं कि ये आपके जीवन का एक बहुत ही कष्ट दायक पहलू है। परन्तु फिर भी आप यहाँ पर अनुशासन में और शांति बनाकर आपस में प्रेम से रहें। उन्होंने कैदियों को ज़िला कारागार में आयोजित होने वाले अतिरिक्त पाठ्यक्रियाओं में भाग लेने की सलाह भी दी, जैसे कि सिलाई, पार्लरिंग आदि। इसके बाद, डॉ. नमिता मलिक ने गलगोटियास विश्वविद्यालय का परिचय कराते हुए बताया कि संस्थान बच्चों को पुस्तकों से बाहर जाकर अधिग्रहण करने वाले व्यावासिक कौशल सिखाने का उद्देश्य रखता है।गलगोटियास विश्वविद्यालय के नर्सिंग के छात्रों और शिक्षकों ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. सोनिया सिंह ने महिला कैदियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए कुछ छोटी छोटी गतिविधियों आयोजित की।नर्सिंग के छात्रों ने आगे बढ़कर स्वस्थ खाने की आदतों और बुरी खाने की आदतों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया, सुबह की पहली किरणों से विटामिन डी प्राप्त करने के लिए, आवश्यक मात्रा में स्वस्थ भोजन और पानी पीने के बारे में, स्वस्थ खाने के बाद उनके शिशुओं को स्वस्थ आहार प्रदान करने के बारे में सिखाया गया।उन्हें अच्छी नींद पाने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई और यह बताया गया कि पौष्टिक आहार खाने से अच्छी नींद आती है और अंत में यह बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य का परिणाम देता है।



# विनय से ही आत्म साधन संभव : उपेन्द्र मुनि



**करनाल।** जैन मुनि श्री उपेंद्र मुनि महराज ने कहा है कि जरूरी है विनय करना आत्म साधना करने वाले साधक के लिए साधना का 15वा योगसूत्र है विनय करना जो भी अपने से आयु में योग्यता में बड़े हैं उनका मान-सम्मान बहुमान करना विनय योगसूत्र है ।आगम में कहां है धर्मस्य विनाओं मूलं अर्थात् विनय धर्म का मूल है विनय है तो धर्मरूपी वृक्ष भी बढ़ता एवं फलता फूलता रहता है विनय खत्म होते ही धर्मरूपी वृक्ष भी सुख जाता है।वह आज जैन स्थानक सेक्टर चौदह में श्री कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर आयोजित मित्रता दिवस कार्यकम में बिल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान कृष्ण के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रेमी चंद, गौरव जैन प्रभात जैन अशोक जैन, रमण जैन सुशील जैन माता पद्मा बाती महिला मंडल की पदाधिकारी, बिनोद जेन सुरेन्द्र जेन आदि उपस्थिति थे।उन्होंने भगवान कृष्ण को योगी राज बताया। इस अवसर पर कान्हा को झूला झुलाया। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए। अभिवृद्धि विनय के माध्यम से ही होती है किसी भी वस्तु की कीमत विशेषताव गुण दोष के आधार पर ही कि जाती है। संयम और तप जैसे महान गुण विनय व्यक्ति में ही आते हैं जो विनय से विप्र मुक्त है।अर्थात जिसके जीवन में विनय का अभाव है उसमे कहा धर्म? और कहा तप? जैसे मूल के बिना ब्याज नहीं होता वैसे ही विनय के भाव में धर्म नहीं होता, तप नहीं होता! विनय नहीं होने पर धर्म और तप की कोई गरिमा नहीं रहती! कहते है ना कि फुलदानवृक्ष और विनयवान व्यक्ति ही झुकते हैं। जबकि मुर्ख व्यक्ति तथा सूखा लक्कड़ टूट जाते है परंतु झुकते नहीं है जेन मुनि ने कहा कि आयुष्मान शिष्य उस विशाल वृक्ष में अकड आहत थी कठोरता थी बढ़ा वे विशाल होने का अहंकार था उसके अंदर नम्रता लचक झुकने की प्रवृति नहीं थी परिणाम स्वरूप उसे धूल में मिलना पड़ा कहावत आती है फूल था भूल में मिल गया धूल में अभिमानी फूल जिस पत्थर का उपहास करता है अंत में उसे उसी की शरण लेनी पड़ती हैं। आज तक किसी का अभिमान कायम नहीं रहा सर नहीं ऊंचा रहता, सुना अभिमान का अपने ही ऊपर गिरता है । विनय अपना निज जीवन में नैय्या भव पार लग जाएगी। अहिंसा के लिए हिंसा से लड़ना होता है, झुकने के लिए अहंकार से लड़ना होता है, अमर होने के लिए निर्भय होकर मृत्यु रुपी राक्षसी से लड़ना पड़ता है जिसके लिए जरुरी है धर्म की अविरल अराधना

# सभी को साथ लेकर एचएसजीपीसी को चलाएंगे: भूपिंदर सिंह असंध

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने कहा है कि वह सभी को साथ लेकर कमेटी को चलाएंगे। उनका किसी के साथ कोई मतभेद नहीं हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहास कि वह पूर्व महासचिव गुरविंदर सिंह धमीजा और पूर्व पंधान महंत कर्मजतीत सिंह के खिलाफ जांच नहीं करवाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता पंथ का प्रचार करने के साथ युवाओं को रोजगार बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा पंथ के साथ सरवत का भला करना रहेगा। वह आज डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में पत्रकारों से बात कर रहे थे। यहां पर वह आज प्रधान बनने के बाद पहली बार पहुंचे। यहां डेरा कारसेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह गगुरुपर्व कमेटीतथा डेरा कारसेवगुरुद्वारे के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने किया। उनका सिरोपा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुरुपाल सिंह डोनी, जसपाल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह मूनक, गुरुशरण सिंह, लखबीर सिंह गुराया, जसविंदर सिंह बिल्ला मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वह



गरुद्वारों में सरायों का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अकाल तख्त का सम्मन करेते हैं। अकाल तख्त जांच को लेकर उनसे जो भी जानकारी चाहेगा उसको वह उन्हें लिखित में देंगे। उन्होंने कहा कि कमेटी के चुनावों के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की ळें। मतदाता सूची और फार्म पंजाबी में भी मुहैया करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसके लिए सभी जिला उपायुक्तों की बैठक चंडीगढ़ में होगी। जिसमें वह भी शामिल हुंगे। उन्होंने बताया कि इन शर्तों के मुताबिक किसी भी राज्य का अमृतधारी एचएसजीपीसी चुनाव में उम्मीदवार बन सकता है। इसके साथ ही वोटरों को वोट देने के लिए भी कुछ शर्तों को पूरा करना जरूरी होगा।व्यक्तिगत कारणों से दिया महंत ने इस्तीफा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपिंदर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने कमेटी मेंबरों ने अपनी मांग रखी है। मुख्यमंत्री का मांगों पर सकारात्मक रुख रहा है। महंत करमजीत के इस्तीफे लेकर उन्होंने कहा कि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है।वोटर बनने की डेट हुई फिक्स ु गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त ने 30 सितंबर तक नए वोट बनवाने का समय निर्धारित किया है। इस टाइम में कोई भी नया वोटर ॣत्रक्कष्ट के वोटर के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के वार्डो का परिसीमन राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है। 28 जुलाई को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित सूचना के मुताबिक पूरे प्रदेश को 40 वार्डों में विभाजित किया गया है। उन्होंने कहा कि एचएसजीपीसी के चुनावों के बाद नई निर्वाचित कमेटी के बनने में समय लगेगा।

# जिला पार्षद मुनीष शर्मा ने चूहड़ माजरा में किया विकास कार्यों का शुभारंभ



**कैथल।** गांव चूहड़माजरा मे मुनीश शर्मा जिला पार्षद ने अपने किए हुए वायदों को पूरा किया। गुरू ब्रह्मानंद आश्रम में विकास कार्यों का शुभारंभ सेवानिवृत मुख्य अध्यापक ज्ञान चंद शर्मा की अध्यक्षता में किया। इस मौके पर जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मवीर कौल, जिला पार्षद जितेंद्र टाया, गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप सिंह भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान पार्षद मुनीश शर्मा ने ठेकेदार को हिदायत दी कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी और उच्च क्वालिटी का सामग्री लगाने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों को भी निवेदन किया कि निर्माण कार्य की निरंतर जांच करते रहें और अगर किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो तुरंत उन्हें सूचना दें। पार्षद मुनीश शर्मा ने हरियाणा सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की नीतियां जन कल्याणकारी हैं।अंत्योदय योजना के अंतर्गत सरकार यही चाहती है कि सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिले। प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से जिला परिषद के माध्यम से गांवो में विकास कार्य लगातार जारी हैं। मुनीष शर्मा ने कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता व रोजगार के मामले में भी बिना सरकार की नीति बिना किसी पर्ची व खर्ची की है, सरकार की अन्य प्रदेशों में भी इस नीति की सराहना होती है। इस मौके पर उनके साथ शीशपाल शर्मा चूहड़माजरा, देशराज, मामूराम, धर्म सिंह, सोमदत्त, जगदीश, जयनारायण शर्मा, राजेंद्र शर्मा फरल, प्रेम शर्मा फरल, सुनील शर्मा फरल, पंकज जांगड़ा फरल, ओमप्रकाश, मुल्तान सिंह, पाली नंबरदार व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार : सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर जैसे गंभीर मुद्दों से मोदी सरकार ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। जी-20 सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति द्वारा मेहमानों को भेजे गए आमंत्रण पत्र में रिपब्लिक ऑफ इंडिया की जगह रिपब्लिक ऑफ भारत शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इंडिया से इतना डर क्यों है। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष के लिए मोदी सरकार की नफरत या एक डरे और सहमे हुए तानाशाह की सनक है। चंडीगढ़ से जारी एक बयान में सैलजा ने कहा कि भारत यही है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से मोहब्बत से भारत को जोड़ा है। इस बांटने की जरूरत नहीं है। भारत के लोग बंटवारा सहन नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि देश के संविधान के अनुच्छेद-1 में लिखा है-भारत जो कि इंडिया है, राज्यों का संघ होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इतिहास के साथ छेड़छाड़ और इंडिया को बांटने का काम जारी रख सकते है। उन्होंने कहा कि विपक्ष दलों के गठबंधन इंडिया से डरकर ही भाजपा ने जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है क्योंकि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से जनता परेशान हो चुकी है।

# खालसा कॉलेज में विकसित भारत से मानसिकता, गर्व, एकता एवं कर्तव्य पर हुआ कार्यक्रम

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा युवा संवाद इंडिया 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंच प्रण विकसित भारत से मानसिकता, गर्व, एकता एवं कर्तव्य पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 15 अगस्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित विकसित भारत 2047 रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पूर्व कुलपति डा. राधेश्याम शर्मा रहे। विशेष अतिथि के रूप में स्कवायड लीडर सोनिया शर्मा रही। डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सबसे पहले हमें अपने कर्तव्य का पालन करना होगा और रचनात्मक बनना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। विशेष वक्ता के रूप में पधारे मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने कहा कि भारत



का इतिहास एवं अतीत गौरवशाली रहा है। हम अपनी विरासत पर गर्व करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. मेजर सिंह ने कहा कि सबसे पहले हमें एकता पर बल देते हुए धर्म, जाति संप्रदाय से ऊपर उठना होगा। आपस के झगड़े हमें विकास में बाधा पहुंचाते हैं। एनसीसी अफसर डॉक्टर देवी भूषण ने मंच का संचालन किया एवं संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और विकास को मुख्य लक्ष्य बनाना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और स्वरोजगार एवं भारतीय उत्पादों के प्रयोग पर बोल दिया। स्कवायड लीडर सोनिया शर्मा ने युवाओं को सेना के लिए जागरूक किया। डा. दीपक ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी रेणु सिलग, मिस्टर पंकज डा. बीर सिंह, डा., कृष्ण राम, डा. प्रवीण शर्मा, डा. बलजीत कौर, प्रो. पूजा, प्रो. आशा, जुझार सिंह व लगभग 500 विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस सफल आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने 17 को पानीपत में बुलायी महापंचायत

**समालखा।** सर्व ब्राह्मण समाज पानीपत की गत 27 अगस्त को हुई पंचायत में जिला अध्यक्ष रामरतन शर्मा के साथ हुई धक्का-मुक्की वाले एपिसोड का ब्राह्मण समाज ने कड़ा संज्ञान लिया है।

इसी उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को समालखा में समाज के गणमान्य लोगों ने ताजपुर गांव के पूर्व सरपंच रामकुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक की, जिसमे आगामी 17 सितंबर को दोबारा से पानीपत की परशुराम धर्मशाला मे महापंचायत बुलाने का फैसला लिया गया। उल्लेखनीय है कि पानीपत में ब्राह्मण समाज जिला प्रधानी को लेकर दो गुटों में विभाजित हो गया है। विगत 27 अगस्त को पानीपत की परशुराम धर्मशाला मे हुई समाज की पंचायत में जिला प्रधान रामरतन शर्मा के साथ मंच पर कथित तौर पर धक्का-मुक्की की गई व उन्हे मंच से नीचे गिरा दिया। इसी पंचायत में समाज के एक गुट ने डाहर निवासी सतीश शर्मा को पगड़ी पहना कर जिला प्रधान बनाने की घोषणा भी कर दी। इसी प्रकरण को लेकर आज समालखा में समाज की बैठक आयोजित की गई। ताजपुर के पूर्व सरपंच एवं सर्व ब्राह्मण समाज पानीपत की 21 सदस्यीय कमेटी के सदस्य राम कुमार शर्मा को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया तथा बैठक की अध्यक्षता भी उन्हीं से कराई। बैठक को संबोधित करते हुए इसराना के प्रधान राम चन्द्र अलूपुर, जनेश्वर शर्मा गढ़ी त्यागान व युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने रामरतन शर्मा के साथ हुई धक्का-मुक्की प्रकरण की कड़ी भर्त्सना की तथा इसे पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान बताया। इस तरह की घटना दोबारा न हो इसके लिए कड़े कदम उठाने की समाज से अपील की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सरपंच राम कुमार शर्मा ने कहा कि जब बतौर जिला प्रधान रामरतन शर्मा का कार्यकाल अभी 6 माह का शेष है। ऐसे में दूसरे को प्रधान बनाना असंवैधानिक है। समाज में जो बिखराव हो रहा है, यह नुकसानदायक है। इस



मनमुटाव को दूर करने के लिए ही दोबारा से महापंचायत बुला गई है। समाज के गणमान्य लोगो की उपस्थिति में ऐसी घटना निंदनीय है। यह महापंचायत बिखरे समाज को एकजुट करने का प्रयास है। बैठक में समालखा से पार्षद हरिओम वशिष्ठ, पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा, रमेश छदिया, विनोद शर्मा पूर्व सरपंच नारायणा, रोहताश शर्मा करहंस व रामचंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया।

# किसान नेता छिकारा ने दी जैविक खेती अपनाने की सलाह



**झज्जर।** भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा ने गुरुवार को जिले के छारा इलाके में खेती का जायजा लिया। इस दौरान किसानों से बातचीत में उन्होंने जैविक खेती पर बल दिया, उपजों की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी और फसल बीमा अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसान नेता सतीश छिकारा ने कहा कि जैविक विधि से की गई खेती रासायनिक विधि से की गई खेती की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है अर्थात जैविक खेती मृदा की उर्वरता व कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णतः सहायक है। उन्होंने कहा कि वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है। जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही कृषक भाईयों को आय अधिक प्राप्त होती है और अंतराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा में कृषक भाई अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। छिकारा ने कहा कि आधुनिक समय में निरन्तर बढ़ती जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का संरक्षण व मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती की राह अत्यन्त लाभदायक है।

मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितान्त आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हों, शुद्ध वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिये हमें जैविक खेती की कृषि पद्धतियां को अपनाना होगा जोकि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किये बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी। भाकिस अध्यक्ष सतीश छिकारा ने किसानों को फल बीमा अपनाने के लिए भी प्रेरित किया और साथ सरकार से किसानों का बीमा क्लेम समय से दिलवाने की मांग की।

# सरकारी योजनाओं का फीडबैक लेने फील्ड में उतरेंगे सीएमओ के अधिकारी

**चंडीगढ़।** सरकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिल सके, इसके लिए अब मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी फील्ड में उतरेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक अधिकारी को फीडबैक एवं आउटरीच कोऑर्डिनेटर के रूप में तैनात कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी क्षेत्र में जाकर जिला उपायुक्तों के माध्यम से योजनाओं की स्टेटस रिपोर्ट लेने के बाद आम जनता से फीडबैक लेंगे। अब कोई भी जिला उपायुक्त केवल कागजी रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री कार्यालय को संतुष्ट नहीं कर सकेगा, क्योंकि जिला उपायुक्तों की रिपोर्ट का फील्ड में आम जनता के साथ मिलान भी होगा। आंकड़ों के माध्यम से सरकार को गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र, मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना, मेरा पानी मेरी विरासत, निरोगी हरियाणा योजना, महिला समृद्धि योजना समेत दो सौ से अधिक योजनाओं की हकीकत जानेंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार की

**अब कोई भी जिला उपायुक्त केवल कागजी रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री कार्यालय को संतुष्ट नहीं कर सकेगा, क्योंकि जिला उपायुक्तों की रिपोर्ट का फील्ड में आम जनता के साथ मिलान भी होगा।**

भी प्रदेश में कई योजनाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर जनसंवाद कर रहे हैं।

दरअसल, सरकार को मिली जानकारी के मुताबिक समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को अभी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी के चलते मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक एवं आउटरीच कोऑर्डिनेटर के रूप में तैनात किया गया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर ने गुरुवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों को जारी पत्र में कहा गया है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आम जनता तक लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक एवं आउटरीच कोऑर्डिनेटर के रूप में तैनात किया है। एक अधिकारी एक लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालेगा।

जिला उपायुक्तों को सीएमओ के अधिकारियों को पूरा सहयोग करने के निर्देश देते हुए कहा गया है कि वह अपने मताहत काम करने वाले जिले के सभी अधिकारियों को इस बारे में सूचित करें कि वह फील्ड में आने वाले अधिकारियों को सही जानकारी मुहैया करवाएं। यह जानकारी मुख्यमंत्री मनोहरलाल को एक रिपोर्ट के रूप में दी जाएगी।

**लोकसभा क्षेत्र फीडबैक एवं आउटरीच कोऑर्डिनेटर**

हिसार ,सिरसा बी.बी. भारती, राजनीतिक सलाहकार, सीएम

कुरूक्षेत्र, अंबाला भूपेश्वर दयाल, ओएसडी टू सीएम

करनाल अभिमन्यु, निजी सचिव

रोहतक, सोनीपत वीरेंद्र सिंह, ओएसडी टू सीएम

फरीदाबाद जवाहर यादव, ओएसडी टू सीएम

गुरुग्राम, भिवानी पवन चौधरी, सलाहकार विदेश सहयोग विभाग

# शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हिसार।** आदमपुर के एफजीएम राजकीय महाविद्यालय में समाज शास्त्र विभाग की ओर से समाज शास्त्र विषय में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए प्रथम एवं छठे सेमेस्टर के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा में लोकेश व निशा ने 100 में से 100 अंक तथा दीपिका ने 100 में से 90 अंक प्राप्त किए।

वहीं प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में ट्विंकल ने 100 में से 100, ईशा ने 98, पवन ने 96 तथा विनोद व प्रियंका ने क्रमशः 90-90 अंक प्राप्त किए। समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष सुखदेव ने विद्यार्थियों के इस अभूतपूर्व प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करके अपने परिवार, अपने शिक्षकों व अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। समाज शास्त्र विषय के स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्स के सभी विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाते हुए शिक्षकों के विद्यार्थियों के जीवन में महत्व का गुणगान किया। महाविद्यालय में प्रथम बार शुरू हुए एम ए समाजशास्त्र कोर्स के विद्यार्थियों अमित, तमन्ना, सुमन, पवन, राहुल, शिक्षा आदि ने महाविद्यालय प्राचार्य कृष्ण सिंह नूनिया का इस कोर्स को शुरू करवाने के लिए धन्यवाद करते हुए संकल्प लिया कि आने वाले समय में महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग की पूरे हरियाणा में एक अलग पहचान बनेगी। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण सिंह नूनिया ने समाज शास्त्र विषय के सभी विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र बताते हुए उनके भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप प्राचार्य आत्मप्रकाश, डॉ. अशोक, रमेश चाहर, डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. कुलदीप, विनोद प्रकाश, विनोद सिंगला, जयकिशन आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

# हरियाणा पुलिस के बेड़े में शामिल हुई दुर्गा प्रथम बटालियन

**गुरुग्राम ।** हरियाणा पुलिस के बेड़े में प्रथम वाहिनी दुर्गा शक्ति हरियाणा सशस्त्र पुलिस की 608 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के बाद शामिल कर लिया है। इन सभी प्रथम वाहिनी दुर्गा शक्ति सशस्त्र बटालियन की प्रशिक्षुओं का पुलिस से जुड़े कार्यों के साथ-साथ साइबर व अन्य उपयोगी विषयों का भी प्रशिक्षण दिया गया है। गुरुवार शाम को गुरुग्राम के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, भौंडसी में प्रथम वाहिनी, दुर्गा शक्ति हरियाणा सशस्त्र पुलिस बल की महिला प्रशिक्षुओं के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पासिंग आऊट परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी भी ली।

शत्रुजीत कपूर ने कहा कि 2015 से 2022 तक प्रदेश में पुलिस बल को मजबूत करते हुए 21 हजार 437 महिला एवं पुरुष



पुलिस कर्मियों की भर्ती की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी व्यवसाय न होकर एक सेवा है और मैं सभी महिला प्रशिक्षुओं के अभिभावकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं जिन्होने अपनी बेटियों को पुलिस सेवा के लिये प्रेरित किया। हरियाणा में वर्ष 2015 से लेकर आज 33 महिला पुलिस स्टेशन, महिलाओं की सहायता में सदैव तत्पर 200 महिला हेल्प डेस्क कार्यरत हैं।

कपूर ने बताया कि देश मे हरियाणा ऐसा पहला राज्य है जिसमे महिलाओं की सहायता के लिये 12 जुलाई 2018 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में दुर्गा शक्ति एप का विधिवत प्रारम्भ किया। केवल अलर्ट का एक बटन दबाते ही संकट के समय में महिलाओं को तुरन्त पुलिस सहायता मिलती है। अब तक 2.5 करोड़ आमजन इससे लाभान्वित हो चुके हैं।

पुलिस की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए श्री कपूर ने बताया कि मानव तस्करी निपटने के लिए हरियाणा प्रदेश में 22 मानव तस्करी विरोधी इकाइयां कार्य कर रही है। 19,496 लापता महिला व बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाकर उनके अभिभावकों से मिलवाया। हरियाणा में 29 साइबर पुलिस स्टेशनों, तीन साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला व साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 आदि के माध्यम से धोखाधड़ी से ऑनलाइन चुराए गए 10.88 करोड़ रुपये साइबर ठगों से बचाए हैं।

**हिसार की निशा बनी अपने बैच की टॉपर**-पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षण में कुशलता व दक्षता के परिचय देने पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला सिपाही निशा (हिसार) को पहले, रितू (भिवानी) को दूसरे, कोमल (करनाल) को तीसरे व अंजलि (रोहतक) को बेस्ट इन कमांड के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नाजनीन भसीन, डीआईजी आरटीसी, भौण्डसी, डा. राजश्री एडीजीपी, केके राव एडीजीपी, पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम विकास अरोड़ा उपस्थित रहे।

# थोड़ा लाड़-प्यार,-थोड़ा मार्गदर्शन



- बच्चों की गलत आदतों के बारे में तुरंत माता-पिता को सूचित करें।
- पढ़ने में कमजोर बच्चों की निंदा न करें।
- कमजोर बच्चों की एक्स्ट्रा एबिलिटी को पहचानें, और उसमें बच्चों को आगे बढ़ाएँ।
- सरल स्वभाव रखें।
- बच्चों के साथ नरमी से बात करें ताकि वह अपनी परेशानियाँ आपसे बाँट सके।
- बच्चों के अभिभावकों से अच्छा तालमेल बनाकर रखें।
- बच्चों के साथ शालीनता का व्यवहार करें।
- बच्चों की अच्छाइयों और कमियों को दूसरे बच्चों से न तौलें।
- बच्चों से उनकी गलतियों के साथ-साथ उनकी अच्छाइयों का भी जिक्र करें।
- बच्चों के दुर्व्यवहार पर उन्हें सजा देने की बजाय उसका कारण खोजने की कोशिश करें।
- कमजोर बच्चों को सही मार्गदर्शन दें।
- बच्चों में सकारात्मक सोचने की आदत डालें।
- बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार व सही आचरण सिखाएँ।
- बच्चों के दोस्त बनें, प्रशासक नहीं।
- बच्चे शुरू से ही नकल करके सीखते हैं इसलिए आप जो गुण बच्चों को सिखाना चाहते हैं, वे पहले खुद सीखें व व्यवहार में लाएँ।
- बच्चों के सामने जितना हो सके सच बोलें।
- बच्चों को पकृति से जोड़ें।
- बच्चों को टीवी पर अच्छे प्रोग्राम देखने हेतु प्रेरित करें।
- बच्चों को अच्छी-अच्छी कहानियाँ सुनाएँ।
- बच्चों को समय दें, उन्हें पैसे के साथ-साथ आपके लाड़-प्यार की भी आवश्यकता है।
- युवा होते बच्चों पर ज्यादा बंधन न लगाएँ।
- बच्चों के सही निर्णय की प्रशंसा करें।
- बच्चों को प्रेम से गलत आदतें छोड़ने के लिए समझाएँ।
- माता-पिता स्वयं संस्कारी बनें।
- यदि हर माता-पिता इन सावधानियों को बरतें तो उन्हें बच्चों के पीछे भागने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि बच्चे खुद उनके पीछे-पीछे आएँगे।

**व्यक्तित्व विकास में शिक्षकों का योगदान**

- शिक्षकों का स्थान भारतीय संस्कृति में माता-पिता से भी ऊँचा माना गया है। अत: बच्चों के व्यक्तित्व विकास में शिक्षकों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।
- शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं रहता है। बल्कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास है।
- शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों में कभी मतभेद नहीं करना चाहिए। सभी बच्चों को समान स्नेह दें।
- बच्चों को मारपीट से बस में करने की बजाय प्रेम और सौहार्द से उन्हें ठीक करें।

# रॉयल सैंडविच विद कोल्ड रबड़ी

**सामग्री:**
चाशनी 1 कप, ब्रेड 4-5 टुकड़े, तलने के लिए घी।

**रबड़ी के लिए सामग्री:**
दूध 2 लीटर, खोवा 2 कप, शकर 100 ग्राम, केसर (पत्ती) 9-10, इलायची पावडर 1 छोटा चम्मच, डेकोरेशन के लिए चैरी, पिस्ता।

**विधि:**
सबसे पहले किसी बड़े बर्तन में दूध गर्म करके लगातार चलाते रहें। इसमें शकर, आधा खोवा, इलायची पावडर और केसर डालें। गाढ़ी होने पर जब इसमें से खुशबू आने लगे तो गैस से उतारकर फ्रिज में ठंडा होन के लिए रखें।

अब ब्रेड के टुकड़ों के किनारे काटकर इन्हें गोल आकार में काट लें। इन्हें घी में तलकर शकर की बनी चाशनी में डालें। इन टुकड़ों से अतिरिक्त चाशनी निकलने दें। अब दो टुकड़ों के बीच खोवा भरकर इसे सैंडविच की तरह बना लें। इन्हें फ्रिज में ठंडा करें। प्लेट में रखकर इस पर रबड़ी डालें। इसे चैरी और पिस्ता से डेकोरेट करें और ठंडा कर खाएँ और दोस्तों को खिलाएँ।



# बारिश में... धुले-धुले सुंदर पैर



हर मौसम की तरह बारिश में भी प्रत्येक वस्तु की विशिष्ट देखभाल की जरूरत होती है। इस मौसम में पैरों और जूतों की देखभाल कुछ इस तरह करें।

- बारिश में अँधेरे में कभी भी नंगे पैर बाहर न निकलें। खासकर घास-फूस और कच्ची जगहों पर भूलकर भी न जाएँ।
- रास्ते में बारिश का पानी यदि कहीं भरा हो और आपको उसमें से गुजरकर आना पड़े तो घर आकर स्वच्छ पानी से पैरों को अवश्य धोएँ और पोंछें।
- पैरों और अँगुलियों के बीच सफाई का विशेष ध्यान रखें। सप्ताह में एक बार किसी अच्छे तेल या कोल्ड क्रीम से मालिश करें।
- सड़क पर भरे हुए पानी या नदी-तालाब और पोखरों से हमेशा बचें। इनकी गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।
- कभी भी काफी समय तक गीले जूते अथवा चप्पल न पहने रहें।
- इन दिनों चमड़े और कपड़े के जूतों का प्रयोग न करें। सिर्फ बारिश के जूते और सैंडिल ही इस्तेमाल में लाएँ।
- बरसात का मौसम शुरू होने के पूर्व ही चमड़े और कपड़े के जूतों को हल्की धूप दिखाकर उनमें कागज भरकर हवा बंद पॉलीथिन में पैक कर दें।
- चमड़े के जूते यदि बाहर पड़े रहे तो नमी पाकर उनमें फफूँद भी लग सकती है और जूते खराब हो सकते हैं।
- उचित यही होगा कि कभी भी बाहर से आएँ तो पैरों की सफाई तुरंत करें और उन्हें सूखा रखें। लेकिन इसके लिए सिगड़ी अथवा हीटर का प्रयोग कतई न करें।
- यदि चमड़े के जूते भीग गए हों तो उन्हें साफ सूखे कपड़े से पोंछें और उनके अंदर सूखा पेपर या कपड़ा बिछाकर उन्हें पंखे में सुखाएँ। कागज या कपड़े के भीगने पर उसे बदल दें।
- संभव हो तो पुराने जूते इस मौसम के लिए निकाल लें। जूतों की देखभाल, पॉलिश और सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि यही आपके पैरों को सुरक्षित रखते हैं।
- पैरों को साफ रखने के लिए टब में गुनगुना पानी लेकर थोड़ा-सा शैंपू मिला लें। अपना मनपसंद खुशबू वाला शॉवर जैल डालें और पैरों को नर्म बनाने के लिए इस पानी में पैर डालकर बैठ जाएँ। 5-6 मिनट बाद पैर निकालकर प्यूमिक स्टोन से हल्का-सा स्क्रब करें। पैरों को अच्छी तरह धोकर टॉवेल से अच्छी तरह (बिना रगड़े) सुखा लें। क्यूटिकल क्रीम लगाकर क्यूटिकल्स को नर्म बनाएँ। अब धीरे-धीरे ऑरेंज स्टिक की सहायता से क्यूटिकल को पीछे धकेलें। अतिरिक्त क्रीम पोंछ दें और मॉइश्चराइजर से अच्छी तरह मालिश करें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## काकुरो पहेली - 2940



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

**काकुरो - 2939 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

जज (चोर से) - तुम्हारी जेब में जो कुछ है, उसे निकालकर मेज पर रख दो.

चोर (जज से)- यह तो सरासर नाइंसाफी है हुजूर. माल का आधा-आधा होना चाहिए.

◻ ◻ ◻

बबलू (मम्मी से) - मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो.

मम्मी (बबलू से) - बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?

बबलू (मम्मी से) - क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है.

◻ ◻ ◻

युवा फिल्म अभिनेता (प्रेमिका से)- आज तक मुझसे शादी के सैकड़ों निवेदन किए जा चुके हैं.

प्रेमिका (अभिनेता से)- अच्छा, किस-किस ने निवेदन किया?

अभिनेता (प्रेमिका से) - 'मेरे मम्मी और डैडी ने.' अभिनेता मुस्कराते हुए बोला.

◻ ◻ ◻

एक छाताधारी सैनिक से उनके अफसर ने पूछा, 'तुमने कितनी बार हवाई जहाज से छलांग लगाई है.'

'केवल एक बार.' सैनिक ने कहा.

'लेकिन तुम्हारे सर्विस रिकार्ड मे तो पन्द्रह बार लिखा हुआ है.'

'शेष चौदह बार तो मुझे धकेला गया था.' सैनिक ने कहा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2940



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 2939**



## सूडोकु -2940

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2939 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 2940



**बाएँ से दाएँ**

1.चिकित्सा,इलाज-4
5.पैतृक संपत्ति-4
8.बलवा,क्रांति-3
9.निम्न-2
11.सुअर,शूकर-3
12.चौबीसवें तीर्थंकर-4
14.केश-2
15.मुनाफा,अर्जित-3
17.मैदे की रोटी-2
19.मनोहर,आकर्षक-5
22.अनासक्ति,निर्विकारता-5
25.पानी,नीर-2
26.सूखा,दुष्काल-3
27.कांटा,कंटक-2
28.शांति,ध्वनिहीनता-4
30.तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31.लाख,गोंद-2
33.मधुक,महुआ-3
35.हृदयगति,स्पंदन-4
36.अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2.पंख,पराया-2
3.राम का एक नाम-4
4.संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5.वियोग,जुदाई-3
6.गलत का विलोम-2
7.एकांतता,अकेलापन-4
10.मरियल,निर्बल-4
13.'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16.मक्खन-3
17.रिश्ता-2
18.लाश-3
20.माला का मोती-3
21.यमराज-2
22.ललाट-2
23.ताप वर्धक-3
24.विदिर्ण-2.2
25.पानी का बहना-5
26.जुर्म,गुनाह-4
28.रसहीनता-4
29.प्रणाम,नमस्कार-3
32.लड़ी,श्रृंखला-2
34.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली -2939 का हल**



# 'बंबई मेरी जान' में हबीबा बनीं कृतिका कामरा



अपकमिंग क्राइम ड्रामा सीरीज 'बंबई मेरी जान' का हाल में जारी हुआ ट्रेलर को लेकर हर तरफ चर्चा है। ये सीरीज दमदार कास्ट द्वारा निभाए गए गैंगस्टरों, सत्ता की भूख और महत्वाकांक्षाओं की दुनिया की खोज करती है। इसमें कृतिका कामरा भी हैं जिन्होंने ट्रेलर में अपने बैडएस अवतार से कई लोगों का दिल जीत लिया है।

दारा कादरी के भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बहन हबीबा की भूमिका निभाते हुए, कृतिका कामरा एक साहसी और आत्मविश्वासी महिला के रूप में सामने आती है, जो ऐसी सेटिंग में एक महिला के स्टीरियोटाइप की बेड़ियों को तोड़ देती है, जिससे उनकी आवाज प्रभाव के साथ सुनी जाती है।

ऐसे में अपने किरदार के विभिन्न आयामों को साझा करते हुए और दूसरे किरदारों के साथ उनके रिश्ते उनके किरदार की गहराई में अलग-अलग परतें कैसे जोड़ते हैं, कृतिका कामरा ने कहा, हबीबा के कई रंग हैं। वह अपने पिता की तरह जिद्दी है, दारा की तरह साहसी है और उसकी तरह बेहद वफादार है। साथ ही भाई-बहनों में सबसे छोटी और अकेली महिला भी है। वह अपने भाई दारा को अपना आदर्श मानती है और उसके साथ एक खास बंधन साझा करती है जो उसके फैसले और कामों को भी प्रभावित करता है।

उन्होंने आगे कहा, उनकी तरह ही, वह भी पावर की महत्वाकांक्षा रखती हैं। शुरू से ही आप देखते हैं कि वह अल्फ़ा है। जैसे-जैसे शो आगे बढ़ता है, हमें इसकी झलक मिलती है कि वह कैसे सोचती है और उसकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं, जिससे एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

इस क्राइम थ्रिलर में कृतिका कामरा के अलावा अत्यधिक बहुमुखी और प्रतिभाशाली के के मेनन, अविनाश तिवारी, निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर भी अहम भूमिका में हैं।

एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित, एस. हुसैन जैदी की कहानी के साथ, बंबई मेरी जान रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा क्रिएट की गई हैं और शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित हैं। 10-एपिसोड वाली इस हिंदी ओरिजनल सीरीज का प्रीमियर 14 सितंबर को प्राइम वीडियो पर होगा।



# वीडियो देख सनी के बेटे की हर कोई कर रहा तारीफ

बालीवुड एक्टर सनी देओल के बड़े बेटे करण का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद हर कोई तारीफों के पुल बांध रहा है और संस्कार का जिक्र कर रहा है। दरअसल, हाल ही में सनी देओल की फिल्म गदर 2 की सक्सेस पार्टी में पूरी देओल फैमिली के साथ बॉलीवुड के तमाम दिग्गज पहुंचे थे। पार्टी में करण देओल, पत्नी दृशा आचार्य, भाई राजवीर देओल और पापा सनी देओल के साथ नजर आ रहे हैं। इस पार्टी में जवान एक्टर शाहरुख खान ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। शाहरुख को पार्टी में देखकर हर कोई काफी खुश था। इस दौरान सभी ने शाहरुख के साथ बात की और उनके साथ फोटो क्लिक कराया। इसी दौरान करण, शाहरुख को देखते ही नीचे झुककर उनके पैर छूते हैं।

ऐसे में शाहरुख उन्हें बड़े ही प्यार से उठाते हैं और उनके गालों पर हाथ रखते हैं। इसके बाद सनी अपनी बहू और बेटे को शाहरुख के बगल में खड़ा करके फोटो क्लिक कराते हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हर कोई सनी देओल के बेटे करण की जमकर तारीफ कर रहा है। हर कोई उनके संस्कारों की तारीफ करता नजर आ रहा है। एक ने कमेंट करते हुए लिखा, संस्कार....। एक दूसरा यूजर लिखता है, इसी को संस्कार कहते हैं जो बड़ों के पैर छुए। साथ ही तमाम लोगों ने रेड हार्ट इमोजी से अपनी फीलिंग्स बयां की।

वहीं, कई यूजर्स गदर एक्टर उत्कर्ष शर्मा के बारे में पूछते नजर आ रहे हैं कि वो कहां हैं। बता दें कि गदर 2 ने 4 हफ्तों में ही 500 का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में अब चौथे सोमवार को इस फिल्म ने 503 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। वहीं, अब कल से सनी की फिल्म गदर 2 का सीधा मुकाबला शाहरुख की फिल्म जवान से होने जा रही है। जवान 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इससे तारा सिंह की दहाड़ पर कितना असर पड़ता है।

बता दें कि बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र का परिवार इंडस्ट्री में कई सालों से राज कर रहा है। धर्मेंद्र के दोनों बेटे सनी देओल और बॉबी देओल के बाद अब उनके पोते भी फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए जुट गए हैं। एक तरफ जहां सनी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर 2 की छप्पर फाड़ कमाई को लेकर खुश हैं। वहीं, दूसरी तरफ उनके छोटे बेटे राजवीर देओल की डेब्यू फिल्म दोनों जल्द ही रिलीज होने वाली है।

# दिल को छू जाएगा यारियां 2 का गाना

बालीवुड फिल्म यारियां 2 के निर्माताओं ने अब सिमरूं तेरा नाम की रिलीज के साथ हमें भावनाओं की दुनिया की झलक दिखाई है। एक गाना जो आपके दिल को छू जायेगा और आपको भावुक कर देगा। सचेत टंडन द्वारा खूबसूरती से गाया गया यह गाना मनन भारद्वाज द्वारा लिखा और कंपोज किया गया हैं। प्यार में वल्नरबिलिटी और ऑकवर्डनेस को हाइलाइट करता है। सिमरूं तेरा नाम आपकी लव प्लेलिस्ट के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। जबकि गाने में दिव्या और यश के बीच की केमिस्ट्री कमाल की है, यह गाना निश्चितरूप से आपको भावुक कर देगा। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी, अनस्वर राजन, वरीना हुसैन, प्रिया वारिर और पर्ल वी पुरी हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत करते हैं टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म यारियां 2। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी द्वारा निर्मित इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू ने डायरेक्ट किया है।






# ध्रुव तारा में बाहुबली नायक बन एंट्री लेंगे ईशान धवन

टीवी शो ध्रुव तारा- समय सदी से परे में ध्रुव का रोल निभाने वाले एक्टर ईशान धवन नायक नाम के एक नए किरदार में नजर आएंगे।

शो की वर्तमान कहानी में, ध्रुव के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद, तारा अपना स्वयंवर आयोजित करने का निर्णय लेती है, क्योंकि उसे विश्वास है कि ध्रुव उसके स्वयंवर के बारे में पता चलने पर वापस आएगा।

हालांकि, घटनाओं के एक अप्रत्याशित मोड़ में, अपने प्रेमी के साथ पहली मुलाकात के दिन, तारा लापता हो जाती है और एक अज्ञात व्यक्ति उसे महल में वापस लाता है।

यह नया किरदार नायक है, जो अहंकारी है और लड़ने व अपनी शारीरिक ताकत दिखाने के लिए हमेशा तैयार रहता है। वह खुलेआम घोषणा करता है कि उसने ही तारा का अपहरण किया था और उसे वापस भी लाया है क्योंकि वह उसके स्वयंवर में शामिल होना चाहता है।

नायक के दुस्साहस से क्रोधित होकर, महावीर उस पर हमला करता है, लेकिन तारा रोक लेती है और अनिच्छा से नायक को भाग लेने देती है। तारा को नायक की नजर और उपस्थिति में एक परिचित संबंध का एहसास होता है, जो उसे उसके पिछले प्यार ध्रुव की याद दिलाता है और कई भावनाओं से गुजरते हुए वह इस नई स्थिति को समझने की कोशिश करती है।

शो में नए किरदार के बारे में बात करते हुए, ध्रुव की भूमिका निभाने वाले ईशान धवन ने कहा, कुछ समय तक ध्रुव की भूमिका निभाने के बाद, नायक की भूमिका निभाना चुनौती है। नायक का व्यक्तित्व ध्रुव से बिल्कुल विपरीत है और उनके देहाती लुक को पूर्णता के साथ पेश किया गया है।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, ट्रांसफॉर्मेशन में हर दिन लगभग दो घंटे लगते हैं, जिसमें मेकअप और कॉस्ट्यूम शामिल हैं। नायक की प्रविष्टि कहानी में रहस्य और जटिलता का तत्व लाती है, और मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि यह कैसे दर्शकों के सामने आता है।



# रशिमका मंदाना ने फैंस संग शेयर की 'पुष्पा 2: द रूल'

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कलेक्शन किया था। इस फिल्म में रशमिका मंदाना ने श्रीवल्ली के रोल में सभी का दिल जीत लिया है। फैंस अब 'पुष्पा 2 : द रूल' ' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों इस फिल्म का एक धमाकेदार टीजर भी सामने आया था।

फिल्म 'पुष्पा 2' लेकर भी फैन्स के बीच एक्साइटमेंट बना हुआ है जो सीक्वल से जुड़ी हर छोटी बड़ी अपडेट के लिए बेकरार रहते है। अब इसी उत्साह को बढ़ाने के लिए, नेशनल क्रश रशिमका मंदाना,ने फिल्म के सेट से एक एक्सक्लूसिव तस्वीर साझा की हैं। जी हां, रशिमका मंदाना ने 卐पुष्पा 2ः द रूल卐 के सेट से एक तस्वीर साझा की है जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जो विशाल और भव्य होने वाली है और फिल्म के कैनवास के बारे में जानकारी देगी। सोशल मीडिया पर ये फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'पुष्पा 2 : द रूल' ' के सेट से सामने आई इस तस्वीर से पता चलता है कि फिल्म के लिए एक बंगले का भव्य सेट बनाया गया है। इस एक्सक्लूसिव पिक्चर के साथ, फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर प्रत्याशा अगले स्तर पर होने जा रही है। पुष्पा 2 द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया हैं और इसमें अल्लू अर्जुन, रशिमका मंदाना और फहद फासिल हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमसेट्टी मीडिया द्वारा निर्मित, यह फिल्म 22 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

# इंडिया-भारत के विवाद में कूदी कंगना

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश का नाम 'इंडिया' से बदलकर 'भारत' करने की चर्चा के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, कंगना रनौत ने एक्स पर अपने बयान का एक पुराना पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने इंडिया नाम को खत्म करने की बात कही थी। साल 2021 में कंगना ने कहा था कि गुलाम नाम इंडिया को खत्म कर देना चाहिए और इसकी जगह देश को भारत कहा जाना चाहिए। वहीं, अब उसी पोस्ट को शेयर करते हुए कंगना रनोट ने लिखा, और कुछ लोग इसे काला जादू कहते हैं...यह बस ग्रे मैटर है प्रिये सभी को बधाई!! एक गुलाम नाम से मुक्त हो गए...जय भारत। एक्ट्रेस का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स कमेंट कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वहीं, काम की बात करें तो कंगना रनोत जल्द ही फिल्म तेजस में नजर आएंगी। इसके अलावा वह इमरजेंसी और चंद्रमुखी 2 में भी दिखाई देंगी। बता दें कि देश में इस वक्त इंडिया का नाम बदलने पर चर्चा छिड़ी हुई है।



# अमीषा बोली टेलेंट की कोई सीमा नहीं

हाल ही में फिल्म गदर 2 की सफलता पर अमीषा पटेल का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने हीरोइनों की उम्र पर भी बात की और कहा कि अब उम्र सिर्फ एक नंबर है, 50 साल की उम्र भी 20 की है। 47 साल की अमीषा पटेल ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा, उम्र अब सिर्फ नंबर है। टेलेंट की कोई सीमा नहीं होती तो इसमें उम्र कैसा बेरियर बन सकता है। 50 अब 20 साल की तरह हो गया है। उन्होंने खुद इसे प्रूव कर दिया है। अमीषा पटेल ने तो कहा कि खुद सनी देओल 65 साल के हैं लेकिन लीड हीरो बनकर बॉक्स ऑफिस पर आए तो सब फेल हो गए। एक्ट्रेस ने कहा, आजकल हीरोइनों ने ये स्टीरियोटाइप तोड़ा है कि सिर्फ 20-25 साल की लड़कियां होंगी तो ही फिल्म चलेगी। वहीं, अमीषा ने फिल्मों में कमबैक को लेकर कहा कि अच्छे अभिनेता कभी भी काम छोड़ते नहीं है। बस वह ब्रेक लेते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अमीषा पटेल फिल्म गदर 2 की रिलीज के बाद काफी सुर्खियों में हैं। मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ के पार कमाई कर ली है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011